राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964

वर्ष-60 › अंक -104 रायपुर सोमवार 15 अप्रैल 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2081 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25



एमएससीबी घोटालाः ईडी ने शरद पवार के पोते की 50 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की



अमरनाथ यात्राः तारीख का हुआ ऐलान, 53 दिन तक चलेगी यात्रा, इस दिन से शुरु होगा पंजीयन

# भाजपा संकल्प पत्र : विकास की गारंटी

## राष्ट्रीय सहकारिता नीति लाएगी सरकार

लोकशक्ति। संवाददाता।

लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने रविवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया। पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो को संकल्प पत्र का नाम दिया है। बीजेपी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने इसे जारी किया. बीजेपी का यह घोषणा पत्र विकसित भारत के लिए मोदी की गारंटी पर फोकस है जिसमें समाज के 4 स्तंभों - महिला, युवा, गरीब और किसान के उत्थान पर जोर दिया गया है.

पार्टी ने अपना घोषणा पत्र से जारी करने से पहले जनधन खाते, उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण से लेकर जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने, राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक खत्म करने का जिक्र किया गया। इसके साथ ही महिला आरक्षण कानून नार शक्ति वंदन अधिनियम पारित कराने की बात कही गई।

बीजेपी नेता राजनाथ सिंह ने कहा कि बीजेपी जो वादे करती है उसे पूरा करती है। पार्टी ने बीजेपी का संकल्प और मोदी की गारंटी पर इस बार फोकस किया है। इसमें महिला, युवा, गरीब किसानों को प्रमुखता देते हुए सबका साथ सबका विकास की बात कही गई है। खास बात है कि आयुष्मान भारत के दायरे में अब 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग कवर होंगे। बीजेपी ने संकल्प पत्र में यह वादा भी किया है। भाजपा का यह घोषणा पत्र केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली 27 सदस्यों की कमेटी ने तैयार किया है. इसके लिए लोगों के आम लोगों से भी सुझाव भी मांगे गए थे।

### अगले 5 साल मुफ्त राशन:

2020 से 80+ करोड़ परिवारों को सरकार मुफ्त राशन दे रही है. पीएम ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी. उन्होंने कहा कि हम ये सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो, उसके मन को संतोष देने वाली हो और अफोर्डेबल हो, सस्ती हो.

### ज़ीरो बिजली का बिल-

हम पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएंगे, जिससे इन परिवारों का बिजली बिल जीरो हो जाए.

### तीन करोड़ लखपति दीदीयां-

हमने एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया है. अब हम तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे.




**जिनको कोई नहीं पूछता उनको मोदी पूजता है :** पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र फ़िर से सरकार बनने पर सहकारिता से समृद्धि के विजन पर चलते हुए भाजपा राष्ट्रीय सहकारिता नीति लेकर आएगी। देशभर में डेयरी और सहकारी समितियों की संख्या भी बहुत बड़ी मात्रा में बढ़ाई जाएगी। पीएम ने कहा कि जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूजता है। यही सबका साथ, सबका विकास का भाव है और यही भाजपा के संकल्प पत्र की आत्मा भी है। 10 वर्षों में हमने दिव्यांगजनो के लिए अनेक सुविधाएं दी हैं।

### कामकाज़ी महिलाओं को सुविधाएं-

हम औद्योगिक और व्यवसायिक क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण करेंगे जिसमें शिशुगृह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी. मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं, आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे.

### 70 साल से ऊपर के वर्ग के लोगों को आयुष्मान योजना :-

भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा. 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फ़िर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी.

**बुलेट ट्रेन का विस्तार-** हम पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित कर रहे हैं. हम इस बुलेट ट्रेन नेटवर्क के विस्तार के लिए उत्तर, दक्षिण और पूर्व में नए कॉरिडोर के लिए फ़िजिबिलिटी स्टडी करेंगे.

**3 करोड़ घर बनाने का संकल्प-** भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं. अब जो अतिरिक्त जानकारियां राज्य सरकारों से मिल रही हैं, उन परिवारों की भी चिंता करते हुए हम 3 करोड़ घर और बनाने का संकल्प लेते हुए आगे बढ़ेंगे. अभी तक हमने सस्ते सिलेंडर घर-घर पहुंचाए हैं, अब हम पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे।' मध्यम वर्ग परिवारों के लिए पक्के घर, स्वास्थ सेवाओं का विस्तार।

**वन नेशन, वन इलेक्शन का कार्यान्वयन-** हमने वन इलेक्शन संबंधित मुद्दो की परीक्षण के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया है. अब, हम उनकी सिफ़रिशों के सफ्ल कार्यान्वयन की दिशा में काम करेंगे.

**मेडिकल शिक्षा में सीट बढ़ाएंगे-** हम नए एम्स और विभिन्न नए जिला-स्तरीय में मेडकल कॉलेज के माध्यम से यूजी एवं पीजी मेडिकल शिक्षा में सीट बढ़ाएंगे।

**समान नागरिक संहिता लागू करेंगे-** भारत के संविधान के अनुच्छेद में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गई है. भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता है।

**धर्म और संस्कृति :** धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए नई परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। भास्तीय पांडुलिपियों का संरक्षण और अध्ययन। भारतीय साहित्यिक रचनाओं का विदेशी भाषाओं में अनुवाद।

## भाजपा संकल्प पत्र की खास बातें

- नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू होगी, हर नागरिक को हाई क्वालिटी शिक्षा प्राप्त होगी
- 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करेंगे
- युवाओं के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट, मैन्युफैक्चरिंग, हाई वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप और टूरिज्म और खेल के जरिये लाखों रोजगार के अवसर मिलेंगे।
- नारी तू नारायणी के तहत आगे 3 करोड़ लखपति दीदी बनाएंगे।
- महिला सेल्फहेल्प ग्रुप को सर्विस सेक्टर से जोड़कर नए अवसर देंगे।
- महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और ओस्टियोपोरोसिस पर विशेष ध्यान देंगे।
- महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय बनाए जाएंगे।
- नारी वंदन अधिनियम को लागू करेंगे।
- बीज से बाजार तक किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश करेंगे।
- श्रीअन्न को सुपर फूड की तरफस्थापित करेंगे।
- नैनो यूरिया और प्राकृतिक खेती से जमीन की सुरक्षा करेंगे।
- कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करेंगे।
- मछुआरों के लिए नाव का बीमा, फिश प्रोसेसिंग यूनिट, सैटेलाइट के जरिये समय पर जानकारी इन सब को मजबूत करेंगे।
- मछली पालकों को सी-वीड और मोती की खेती के लिए प्रोत्साहित करेंगे।
- गिग वर्कर्स, माइग्रेंट वर्कर्स, टैक्सी ड्राइवर, ट्रक ड्राइवर, ऑटो ड्राइवर, कुली और घर में काम करने वाले श्रमिकों ई-श्रम पर जोड़ कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देंगे।
- हाईवे पर ट्रक चालकों के लिए आधुनिक सुविधाएं बनवाएंगे।
- भारत योग का ऑफ़िशियल सर्टिफिकेशन देगा।
- विश्वभर में तिरुवल्लूवर कल्चरल सेंटर के माध्यम से भारत की संस्कृति को विश्व में ले जाएंगे।
- भारत की क्लासिकल भाषाओं के अध्ययन की व्यवस्था उच्च शिक्षण संस्थाओं में करेंगे।
- 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में घोषित करेंगे।
- एकलव्य स्कूल, पीएम जनमन, वन उत्पादों में वैल्यू एडिशन एवं ईको टूरिज्म को बढ़ावा देंगे।
- ओबीसी, एससी, एसटी समुदायों को जीवन के हर क्षेत्र में सम्मान देंगे।
- भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की गारंटी।
- अर्बन हाउसिंग, ट्रांसपोर्टेशन, वाटर मैनेजमेंट, साफ हवा, कचरे के ढेर से मुक्ति और स्वच्छ पानी के लिए मिशन मोड पर काम होगा।
- विश्वभर में रामायण उत्सव मनाएंगे। अयोध्या का विकास होगा।

## चुनाव प्रचार को धार देने दून पहुंचे सीएम योगी, जनता से मांगे पांचों कमल

एजेंसी।

चुनाव प्रचार को धार देने दून पहुंचे सीएम योगी, जनता से मांगे पांचों कमलयूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीनगर गढ़वाल और रुड़की के बाद चुनाव प्रचार को धार देने राजधानी देहरादून पहुंचे। राजधानी देहरादून के बन्नू स्कूल में उनकी जनसभा आयोजित की गई। इससे पहले श्रीनगर गढ़वाल में हुई चुनावी जनसभा में सीएम योगी ने कहा कि आज मुझे अपनी जन्म भूमि की लोकसभा सीट पर संवाद करना का मौका मिला है।

## जेपी नड्डा ने मोदी सरकार 2.0 की सफलता का किया जिक्र

**एजेंसी।** भाजपा का घोषणा पत्र जारी होने से पहले बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी मुख्यालय में मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. उन्होंने कहा, 'साल 2014 में जब प्रधानमंत्री मोदी संसदीय दल के नेता चुने गए थे, तब उन्होंने कहा था कि हमारी सरकार गरीब, गांव और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समर्पित है.' उन्होंने आगे कहा कि उसी को कार्यरूप देते हुए पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने इन सारे आयामों को आगे बढ़ाने का काम किया है. जेपी नड्डा ने बताया कि 60,000 नए गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम किया गया है और बारहमासी सड़कें बनाई गई हैं. हमने कभी नहीं सोचा था कि गांव सशक्त होंगे या ऑप्टिकल फ़ाइबर गांव तक पहुंचेगा, लेकिन आज मुझे खुशी है कि आपके नेतृत्व में 1.2 लाख पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया है और उन्हें इंटरनेट सुविधाओं से भी जोड़ा गया है. भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि भारत की 25 करोड़ आबादी अब गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुकी है।

## भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है; जमुई में राजनाथ सिंह ने भरी हुंकार

**एजेंसी।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार की दोपहर जमुई में चुनावी सभा करते हुए लालू टीम पर हमला करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि नवरात्रा में मछली खाकर क्या दिखाना चाहते हैं। उन्होंने नीतीश कुमार और चिराग पासवान की जमकर तारीफ की। जमुई में लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है जहां से लोजपा आर से अरुण कुमार भारती एनडीए के उम्मीदवार हैं। जमुई स्टेडियम के मैदान में आयोजित सभा में उन्होंनेअरुण भारती को समर्थन देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया।

## 6जी पर काम करेगी मोदी सरकार, रेल पटरियों का विकास

- 5जी नेटवर्क टेक्नोलॉजी का विस्तार करेंगे, 6G पर काम करेंगे
- भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिक सख्त कार्रवाई होगी।
- **Perform, Reform, Transform** का मंत्र शासन के हर क्षेत्र में लागू होगा।
- भारतीय न्याय संहिता लागू होगी।
- वन नेशन, वन इलेक्शन के साथ ही कॉमन इलेक्टोरल रोल की व्यवस्था होगी।
- समृद्ध भारत के लिए विश्वकर्मा परिवारजन, **MSMEs** और छोटे ट्रेडर्स को स्किल सिखाने, क्रेडिट देने, और उनके उत्पादन को बाजार से जोड़ने की गारंटी।
- भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की गारंटी।
- रेलवे में नई पटरियां जुड़ेंगी। नई वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनें आएंगी।
- वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनेंगे, आने वाले वर्षों में वेटिंग लिस्ट की समस्या खत्म होगी।
- नए एयरपोर्ट हाईवे, मेट्रो, अंडरवाटर मेट्रो का निर्माण जारी रहेगा।
- उत्तर, दक्षिणी पूर्वी भारत में बुलेट ट्रेन कॉरिडोर की फिजिबिलिटी स्टडी शुरू होगी।
- नॉर्थ-ईस्ट में विकास यात्रा जारी रहेगी। तटीय, द्वीप, पहाड़ी हर क्षेत्र की विशेष जरूरतों के अनुसार मास्टर प्लान बनाने की तैयारी।
- भारत स्पेस, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, क्वांटम, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वीकल टेक्नोलॉजी में अग्रणी बनेगा।
- 2047 तक उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करेंगे। पेट्रोल आयात को कम करेंगे।

### जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले- उन्होंने

## कांग्रेस ने प्रयास किया कि जनता सावरकर और नेताजी को भूल जाए



**एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि जनता नेताजी सुभाष चंद्र बोस और वी.डी. सावरकर को भूल जाए। उन्होंने कहा कि लेकिन मोदी सरकार ÷ऐसा कभी नहीं होने देगी÷। भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की अपनी पहली यात्रा में, नड्डा ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगले कुछ वर्षों में द्वीपसमूह एक ''महत्वपूर्ण परिवर्तन÷ का गवाह बनेगा। उन्होंने कहा, ÷कांग्रेस द्वारा यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस और वीर (विनायक दामोदर) सावरकर को भुला दिया जाए, लेकिन नरेन्द्र मोदी सरकार ऐसा कभी नहीं होने देगी।''

# कांग्रेस की सरकार में आतंकवादी सीमा पार करते थे : अमित शाह

### शुगर फैक्टरी फिर से चालू करेंगे- शाह

लोकशक्ति संवाददाता।

मोदी ने दुश्मनों के घर में घुसकर उनका सफाया कराया- शाह अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में आतंकवादी सीमा पार करते थे। मोदी ने दुश्मनों के घर में घुसकर उनका सफाया कराया। उन्होंने लोगों से बीजेपी के पक्ष में मतदान करने और और पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आग्रह किया।

अमित शाह ने कहा कि कश्मीर हम सबके लिए है। राजनांदगांव के युवक कश्मीर के लिए सीमा पर गोली खाने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस 75 साल से राम मंदिर की मूर्ति को लटका के रखे था। मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल में भगवान राम का मंदिर बनवाया। इस राम नवमी पर भगवान राम अपने मंदिर में बर्थडे मनाएंगे। शाह ने कहा कि देश में दस साल तक सोनिया मनमोहन की सरकार रही लेकिन कुछ नहीं किया। शाह ने आगे कहा कि हमने धान खरीदी की सीमा बढ़ाई, हमने 3 महीने में मोदी सरकार की कई गारंटी को पूरी की।

### भूपेश बघेल ने राज्य में शराब की नदियां बहा दी- शाह

पूर्व सीएम पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि गंगाजल लेकर कसम खाई थी कि शराबबंदी करेंगे लेकिन भूपेश बघेल ने राज्य में शराब की नदियां बहा दी।




### सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने मंच से पुलिस अधिकारियों को दी धमकी, बोलीं- औकात में रहो

संवाददाता मुरादाबाद

लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित एक जनसभा में सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने पुलिस को लेकर एक विवादित बयान दिया है। दरअसल, अखिलेश यादव की मुरादाबाद में होने वाली जनसभा में उनके पहुंचने से पहले सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने जनसभा को संबोधित किया था। इसी दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों से औकात में रहने की बात कही। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि तुम अपनी नौकरी से वफ़ादारी नहीं कर रहे हो, तुम अपने देश से वफादारी नहीं कर रहे हो।

**चुनाव**

### राहुल गांधी पर मोदी का तंज : शाही जादूगर, इतने बरसों तक कहाँ छुपा था?

# कांग्रेस ने बाबा साहेब को अपमानित करने का काम किया

एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के होशंगाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। भाजपा का संकल्प-पत्र 'मोदी की गारंटी' जारी किए जाने के बाद रविवार को ये रैली हुई। इसमें पीएम मोदी ने कहा कि कॉन्ग्रेस की मानें तो उसके शासनकाल में लोकतंत्र ठीक चल रहा था, फल-फू ल रहा था, लेकिन जैसे ही गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना तो कांग्रेस अफवाह फैलाने लगी कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में आ गया।



पीएम मोदी ने कहा कि अब तो कॉन्ग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी। उन्होंने कहा कि आग देश में नहीं, बल्कि आग और जलन उनके दिलों में लगी है। बकौल पीएम मोदी, ये जलन उनके दिल और दिमाग में ऐसे भरी पड़ी है कि वो उनको अंदर से जला रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हताश कॉन्ग्रेस ऐसी घोषणाएँ कर रही है, जो खुद कॉन्ग्रेस के नेताओं को ही समझ नहीं आ रही। पीएम मोदी ने तंज कसा कि कॉन्ग्रेस के शहजादे ने घोषणा की है कि वो एक झटके में देश से गरीबी हटा देंगे! बकौल पीएम मोदी, ये बात सुनकर पूरा देश हैरान है और पूछ रहा है कि आखिर ये शाही जादूगर, इतने बरसों तक कहाँ छुपा था? प्रधानमंत्री ने कहा कि 50 साल पहले इनकी दादी ने देश से गरीबी हटाने की घोषणा की थी, 2014 से पहले 10 साल तक इन्होंने रिमोट से सरकार चलाई और कह रहे हैं कि अब बस इनको झटके वाला मंत्र मिल ही गया है। बकौल पीएम मोदी, ये ऐसे दावे करते हैं, तभी ये देश भर में हँसी के पात्र बने हुए हैं। मध्य प्रदेश के होशंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, कॉन्ग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी। आग देश में नहीं, बल्कि आग और जलन उनके दिलों में लगी है। ये जलन उनके दिल और दिमाग में ऐसे भरी पड़ी है कि वो उनको अंदर से जला रही है। ये जलन मोदी के प्रति 140 करोड़ देशवासियों के प्रेम के कारण है। बाबा साहेब ने जो संविधान बनाया है, उसके कारण ही आज गरीब माँ का ये बेटा मोदी, आपसे तीसरी बार सेवा का आशीर्वाद माँग रहा है।÷

बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर पीएम मोदी ने जानकारी दी कि महू में उनका घर हो या देश-विदेश में वे भी रहे, उन स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का सौभाग्य भाजपा सरकार को मिला है। पीएम मोदी ने कहा कि जो सम्मान कॉन्ग्रेस ने बाबासाहेब को कभी नहीं दिया, वो सम्मान करने का सौभाग्य हमें मिला है। उन्होंने कहा कि कॉन्ग्रेस जैसी पार्टियों ने हमेशा बाबा साहेब को अपमानित करने का ही काम किया है।

### इजरायल, सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- हमारी लड़ाई इस्लामिक रिपब्लिक से है

**एजेंसी।** इजरायल ईरान के हमले का बदला लेगा। आज तड़के ईरान ने इजरायल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमला किया। इजरायल ने इनमें से 99 फीसदी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने का दावा किया, लेकिन इसे एक तरह से आतंकी हमला माना है। इजरायल ने कहा है कि वह इस हमले का बदला लेगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- हमारी लड़ाई इस्लामिक रिपब्लिक से है, ईरान की जनता से नहीं। बता दें कि 1 अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान ने अपने दूतावास पर हुए हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया था, जिसमें ईरानी सेना के 2 जर्नल समेत रिव्ल्यूशनरी गार्ड के 7 कर्मियों की मौत हो गई थी।

## गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई ने ली सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की जिम्मेदारी

**एजेंसी।** बॉलीवुड ऐक्टर सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर रविवार (14 अप्रैल 2024) को बाइकसवार कुछ अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग की। सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट में दावा किया गया है कि यह हमला कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने करवाया है। वहीं, हमले के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सलमान से बात की और उनकी सुरक्षा बढ़ाने का आदेश दिया। इस गोलीबारी के बाद पुलिस ने सलमान खान के आवास के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है। पुलिस ने बताया कि मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित 'गैलेक्सी अपार्टमेंट्स' के बाहर रविवार की सुबह करीब पाँच बजे दो व्यक्तियों ने चार गोलियाँ चलाईं और भाग गए। स्थानीय



पुलिस और क्राइम ब्रान्च ने घटना की जाँच शुरू कर दी है। वहीं, सलमान के पिता सलीम खान ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। इस गोलीबारी को लेकर एक पोस्ट सोशल मीडिया पर सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के अमरेका में रहने वाले भाई अनमोल बिश्नोई ने सोशल मीडिया पोस्ट में हमले की जिम्मेदारी ली है। पोस्ट में लिखा, ÷सलमान हमने ये हमला तुम्हें सिर्फ ट्रेलर दिखाने के लिए किया था। ये हमारी पहली और आखिरी वार्निंग है।÷

# सरकार ने विकास किया, उन्होंने देश बेचने के सिवा कुछ नहीं किया

## बेरोजगारी-महंगाई से मुक्ति और नारी सम्मान के लिए केन्द्र में बदलनी होगी सरकार रू ज्योत्सना



**कोरबा ।** कोरबा लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद %योत्सना चरणदास महंत के द्वारा संसदीय क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क लगातार किया जा रहा है। इस कड़ी में रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बुंदेली, करूमौहा, चाकामार, हाथीमुड़, मुढुनारा आदि गांवों में उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित किया। सांसद ने इस दौरान कहा कि कांग्रेस की सरकार ने ही देश का विकास किया है। आज जो घर-घर में टीवी, कम्प्यूटर, इंटरनेट, वाई-फाई का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने दिया है। हमारी सरकार ने विकास किया और प्रधानमंत्री मोदी ने देश बेचने के सिवा कुछ नहीं किया।

सांसद ने कहा कि माताओं, बहनों के सम्मान के लिए, बेरोजगारी, महंगाई से मुक्ति के लिए केन्द्र में सरकार को बदलना ही होगा और यह परिवर्तन की लहर कोरबा संसदीय क्षेत्र सहित देश भर में हैं। महतारी वंदन योजना के नाम पर महिलाओं को परेशान करने के सिवा कुछ नहीं किया और मात्र 1 हजार रुपए दे रहे हैं लेकिन कांग्रेस की सरकार मात्र आधार कार्ड पर ही हर महिने 8333 रुपए और 5 साल में 5 लाख रुपए देगी। रसोई गैस आधी कीमत पर मिलेगा। जब-जब कांग्रेस की सरकार बनी है तब-तब किसानों का कर्जा माफहुआ है। हमने गारंटी दी है कि किसानों का कर्जा माफहोगा और किसानी से संबंधित सामानों व उपकरणों की खरीदी में लगने वाले टैक्स को भी हम खत्म करेंगे। किसानों के खेत में हाथी, पानी, सूखा से होने वाले नुकसान की भरपाई 30 दिन के भीतर उनके खाते में कांग्रेस की सरकार ने देने की गारंटी ली है। सांसद ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शराबबंदी तो होती लेकिन केन्द्र में बैठी सरकार के कारण संभव नहीं हो सका। अब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार चुनकर लाएं तो इस दिशा में बहुत कुछ कर सकेंगे। जनसंपर्क के दौरान सांसद प्रतिनिधि धनेश्वरी कंवर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## अनीता लुनिया ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले से की मुलाकात



**दैनिक लोकशक्ति, रायपुर।** स्पर्श एक कोशिश वालफेयर ट्रस्ट की संस्थापक अनीता लु+निया, अध्यक्ष सोनाली लुनिया ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के मुख्य चुनाव आयुक्त रीना बाला साहेब कंगाले से मुलाकात कर संस्था द्वारा चलाई जा रही है। जनजागरुकता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में वोट की महत्ता और वोट की ताकत के बारे में लोगों के घर-घर जाकर उन्हें जानकारी दी। वोट के मताधिकार प्रयोग करें और किसी के दबाव बहकाव में न आए अपने मताधिकार प्रयोग करें। साथ ही उन्होंने कहा कि गर्ववती महिलाओं से मिले, दिव्यांगों को होने वाली परेशानियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उनके कार्य की सराहना करते हुए निर्वाचन आयुक्त ने श्रीमती अनीता लुनिया की कार्य की प्रशंसा की।

# नव विवाहिता को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला पति गिरफ्तार

## प्रताड़ना से तंग आकर प्रीति ने अपने निवास स्थान के बाथरूम में फांसी लगाकर अत्माहत्या की

**कोरबा ।** प्रताड़ना से त्रस्त होकर फांसी लगा कर नवविवाहिता ने जान दे दी थी। पुलिस ने प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में पति को गिरफ्तार कर लिया।




मामला मानिकपुर पुलिस चैकी अंतर्गत एसबीएस कालोनी में 26 मार्च का है। आवास क्रमांक चार एसबीएसकालोनी पुराना चीफहाऊस कोरबा में गौरव कुमार जांगड़े पिता चंदराम जांगड़े 30 वर्ष परिवार समेत निवासरत है। गौरव का विवाह मई 2023 में प्रीति निवासी बिलाईगढ़ नवापारा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के साथ सामाजिक व जाति रिवाज से संपन्न हुआ था। विवाह बाद दोनों उक्त आवास में रहते थे। गौरव डीजे संचालन का काम करता है। 26 मार्च को सुबह 10.00 बजे आसपास गौरव नहाने के बाद नाश्ता कर घर के बाहर चला गया था। घर में उसकी पत्नी प्रीति व परिवार के अन्य सदस्य थे। दोपहर 12 बजे वापस आया तो पत्नि घर में नहीं दिखी। आसपास खोजबीन करने पर भी पता नहीं चलने पर वह घर के बाहर बाड़ी में बने टायलेट में गया। टायलेट का दरवाजा को धक्का दिया, तब वह अंदर से बंद मिला। बल लगाकर दरवाजा को तोड़ने पर पत्नी प्रीति स्कार्फको टायलेट रूम में बने लोहे के एंगल से बांध कर फांसी पर लटकी हुई मिली।घटना की जानकारी गौरव ने मानिकपुर पुलिस को दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम कराया। मृतिका के नवविवाहिता होने से विधि अनुसार शव का पंचनामा कार्रवाई कार्यपालिक दंडाधिकारी द्वारा किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने व मृतिका के स्वजनों के अनुसार पति गौरव जांगड़े एवं अन्य द्वारा एक राय होकर प्रताड़ित करने की जानकारी सामने आई। प्रताड़ना से तंग आकर प्रीति ने अपने निवास स्थान के बाथरूम में फांसी लगाकर अत्माहत्या की है। इस पर पुलिस ने आरोपित पति गौरव कुमार के विरूद्ध धारा 306, 34 के तहत मामला कायम कर गिरफ्तार किया और न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

# दीवारों पर नारा लेखन कर ग्रामीण मतदाताओं को किया जागरूक

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में दीवारों पर नारा लेखन के माध्यम से मतदान के महत्ता की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत चैनपुर, माखनपुर व सिरकीखुर्द में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा गांव के पारा-मोहल्ला, बसाहटों में जाकर दीवारों पर मतदाता जागरूकता के नारों का लेखन किया गया। साथ ही ग्रामीणों को मताधिकार का महत्व समझाते हुए 07 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की जा रही है।




इसी तरह कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने रैली निकाल कर दीवारों पर नारा लेखन कर ग्रामीणों को मतदान तिथि की जानकारी प्रदान की। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में रासेयो स्वयंसेवकों ने जिला संगठक वाय के तिवारी के नेतृत्व में ग्राम भादा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता जागरूकता गीत मैं भारत हूं भारत है मुझमें का गान करते हुए गांव में रैली निकालकर ग्रामवासियों से संपर्क किया तथा दीवारों पर मतदाता जागरूकता के नारों का लेखन किया। स्वयंसेवकों ने घरों में जाकर मतदाताओं को एक-एक वोट का महत्व समझाते हुए मतदान तिथि 7 मई 2024 की जानकारी देकर मतदान केदो में जाकर वोट डालने की अपील की। कार्यक्रम के आयोजन में कार्यक्रम अधिकारी जी एम उपाध्याय, श्रीमती प्रीति द्विवेदी वरिष्ठ स्वयंसेवक आंचल यादव, किशन यादव, आशीष यादव, धीरज यादव उदय दास, आरुषि महंत, शेखर यादव, समीर महंत फिरत राम यादव, धूम दास बहोरन दास महंत आदि का सक्रिय योगदान रहा।

# सीईओ जिला पंचायत एवं एसपी ने ली शांति समिति की बैठक

## आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए त्यौहारों को पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाएं

**धमतरी ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 एवं आगामी त्यौहारों के मद्देनजर आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आदर्श आचरण संहिता के चलते कुछ बंदिशें लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए त्यौहारों को पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ मनाएं। उन्होंने उपस्थित समाज प्रमुखों से कहा कि आप सभी अपने समाज के लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करें और जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें।

पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय ने सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व का आयोजन करने की अपील करते हुए कहा कि आदर्श आचरण संहिता के चलते रामनवमी पर आयोजित होने वाली रैली में आर्म्स एक्ट के तहत अस्त्र-शस्त्रों के प्रदर्शन पर भी प्रतिबंधित रहेगा, किसी एक निश्चित स्थान पर इनकी पूजा पूजा-अर्चना शांतिपूर्वक तरीके से की जा सकेगी। न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने उपस्थित विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों से पुनः अपील करते हुए कहा कि त्यौहारों का आयोजन इस प्रकार करें कि किसी भी धर्म, जाति, समुदाय की धार्मिक भावना आहत ना हो। इसके साथ ही इन धार्मिक कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार के राजनीतिक गतिविधियों का संचालन ना करें, राजनीतिक चिन्ह, नारे, प्रदर्शन आदि का प्रदर्शन ना हो, इसका ध्यान रखा जाये।

शांति समिति की बैठक में उपस्थित विभिन्न समाज प्रमुखों ने सुझाव दिया कि रामनवमी के दिन यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मार्ग परिवर्तित किया जाना उचित होगा। इसके साथ ही यात्रा निकलने के समय सभी वाणिज्यिक वाहनों का नगर में प्रवेश वर्जित किया जाये। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित समाज प्रमुख से कहा कि विभिन्न गांव, मुहल्लों, चौक-चौराहों से निकलने वाली रैली में वॉलिंटियर की नियुक्ति करें, जो पुलिस और जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर सके। साथ ही नगर के मुख्य चौक-चौराहों पर रोशनी और सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

# 20 अप्रैल को संवीक्षा, 22 अप्रैल को होगी नाम वापसी

**कोरबा ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई तथा अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 19 अप्रैल तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे तथा 20 अप्रेल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा होगी वहीं 22 अप्रैल को अपरान्ह 03 बजे से पूर्व अभ्यर्थी नाम वापस ले पाएंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा लोकसभा में चुनाव संबंधी कार्यवाहियां की जा रही है। इसी कड़ी में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप आज कोरबा लोकसभा क्षेत्र हेतु निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार चुनाव की अभ्यर्थिता हेतु आगामी 19 अप्रैल 2024 (सार्व. अवकाश को छोड़कर) तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे।


**नाम निर्देशन पत्र लेने का समय दोपहर तीन बजे तक:** रिटर्निंग आफिसर कार्यालय से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का समय प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक रहेगा। जबकि पूर्णतः भरे हुए नामांकन पत्र जमा करने का समय प्रातः 11 बजे से अपरांह तीन बजे तक निर्धारित है। नाम निर्देशन की प्रक्रिया कलेक्ट्रेट कोरबा के प्रथम तल स्थित कलेक्टर न्यायालय कक्ष क्रमांक 02 में संपादित होगी।

# मोबाइल एप्स के जरिए मतदाताओं तक पहुंच रही है निर्वाचन संबंधी हर जानकारी

## नई तकनीकों ने बढ़ाई निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता

## सक्षम मोबाइल एप के जरिए मिलेगा दिव्यांग मतदाताओं की समस्याओं का समाधान

धमतरी । निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है। इन्हीं सुविधाओं में से एक है सक्षम एप।सक्षम मोबाइल एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल बनाने के लिए डिज़ाइन, ले-आउट, इंटरफ़ेस और सुविधाओं को बेहतर रूप दिया गया है। इसमें स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफ़ा इंटरैक्टिव प्लेटफ़ॉर्म के रूप में डिज़ाइन किया गया है।




सक्षम एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केंद्र को जानें, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जानें, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस एप में उपलब्ध हैं।

# मंत्री लखन लाल देवांगन के जन्मोत्सव पर विभिन्न मंडलों में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**कोरबा ।** वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने अपना जन्मदिन रामपुर स्थित दिव्य ज्योति संस्थान में स्पेशल बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। अपने बीच सरल सहज मंत्री श्री देवांगन को पाकर बच्चे भी उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर बच्चों ने मंत्री श्री देवांगन को जन्मदिन की बधाई दी। जहां पर मंत्री श्री देवांगन ने बच्चों को अपने हाथ से खाना परोस कर बच्चों के साथ केक काटकर अपने जन्मदिन की खुशियां बाट कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। इस मौके पर उद्योग मंत्री ने कहा कि स्पेशल बच्चों के बीच जन्मदिन मना कर बहुत खुशी हुई है उन्होंने सभी बच्चों के बेहतर उज्जवल भविष्य एवं सुखद स्वास्थ्य की कामना भी की है। इसी तरह मंत्री श्री देवांगन ने वृद्धा आश्रम में बुजुर्गो को फल का वितरण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

पांचों मंडलों के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए उद्योग मंत्री कोरबा विधानसभा के सभी पांचों मंडलों ने उद्योग मंत्री के जन्मदिवस पर जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया था, मंत्री श्री देवांगन सभी कार्यक्रम में शामिल हुए।

सबसे पहले सर्वमंगला मंदिर परिसर में बांकीमोंगरा मंडल द्वारा आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद बालको मंडल के सेक्टर 5 में मंत्री पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद मंत्री श्री देवांगन घंटाघर चैक पर तुलसी सेवा समिति और कोसाबाड़ी मंडल द्वारा आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां पर अधिक संख्या में युवा वर्ग भाजपा में शामिल हुए। यहां से मंत्री श्री देवांगन पुराना बस स्टैंड में आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए।2 हजार से अधिक कार्यकर्ता और आमजनमानस ने भंडारा में प्रसाद किया ग्रहण मंत्री श्री देवांगन के जन्मोत्सव कार्यक्रम में सर्वमंगला मंदिर परिसर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था। 2 हजार से अधिक कार्यकर्ता और आम जन मानस भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। मंत्री श्री देवांगन भी मंदिर परिसर में लोगों को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कोरबा डॉ. राजीव सिंह ,पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चावलानी, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी,सतविंदर सिंह बग्गा,राजेन्द्र अग्रवाल, योगेश जैन,जिला महामंत्री भाजयुमो नरेन्द्र देवांगन,पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र पाटनवार,मनीष मिश्रा,धन्नू दुबे,ईश्वर साहू, लुकेश्वर चैहान,सत्येंद्र दुबे, मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा,परविंदर सिंह।

# पेड न्यूज, भ्रामक समाचारों का परीक्षण कर नोटिस जारी करने के निर्देश

## मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति की बैठक आयोजित

कोरबा,

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष श्री अजीत वसंत के दिशा-निर्देशन में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपे गए दायित्वों के बारे में बताया गया और उनका पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समिति की बैठक में निर्देशित किया गया कि एमसीएमसी का कामकाज आचार संहिता के प्रभावशील होने के साथ ही शुरू हो गया है। कोरबा लोकसभा क्षेत्र से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ होने के साथ ही प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रकाशित विज्ञापनों तथा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने वाले पेड न्यूज पर विशेष नजर रखी जाए। प्रतिदिन प्रकाशित और प्रसारित समाचारों के साथ विज्ञापनों पर सत्त निगरानी रखने के साथ अखबारों के कतरन, स्क्रीन शॉट और विजुअल संग्रहित करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार भ्रामक विज्ञापनों एवं समाचारों पर भी नजर रखते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग, समिति के सदस्य श्री निलेश कुजूर, श्री हेमंत जायसवाल, डॉ. राजेश सक्सेना, डॉ. एम. एम. जोशी, श्री विनोद सिंह, डॉ. एम. महतो, श्री प्रखर सिंह व श्री कमल%योति उपस्थित थे। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शी बिन्दुओं के अनुरूप आदर्श आचार संहिता, राजनीतिक विज्ञापन, पेड न्यूज, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार पर नियमानुसार कार्यवाही का प्रावधान है। लोकसभा निर्वाचन कें लिए गठित एमसीएमसी द्वारा इलेक्ट्रानिक मीडिया, केबल नेटवर्क, सोसल मीडिया आदि पर जारी किये जाने वाले विज्ञापनों की सत्त मानिटरिंग की जायेगी।

## संपादकीय

### मोदी ने कैसे विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया

भारत-पाकिस्तान सीमा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़े खतरे की तरफइशारा किया। मोदी ने कहा कि INDI गठबंधन का इरादा भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करने का है। उनका इरादा हमारे परमाणु बम को दरिया में डुबोने का है। नरेंद्र मोदी ने यह बात बाड़मेर में एक रैली में कही। मोदी ने कहा कि INDI अलायंस में शामिल एक पार्टी ने अपने मैनिफेस्टो में साफ-साफलिखा है कि वह सत्ता में आएगी तो परमाणु हथियारों को नष्ट कर देगी। परमाणु हथियारों को दरिया में डुबो देगी। मोदी का इशारा INDI गठबंधन में शामिल CPM के मैनिफेस्टो की तरफ था जिस में यही सब लिखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने विरोधियों से पूछा कि आप किसके इशारे पर देश को कमजोर करना चाहते हैं? मोदी ने पूछा कि किसके दबाव में आकर INDI गठबंधन, देश के परमाणु हथियारों को नष्ट करना चाहता है? मोदी ने कहा कि हम देश को ताकतवर बनाने में जुटे हुए हैं लेकिन INDI अलायंस भारत को शक्तिहीन बनाना चाहता है। राष्ट्रहित में कुछ ऐसी बातें हैं जिनपर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। भारत परमाणु शक्ति वाला देश है और रहना चाहिए। भारत के ऐटमी हथियार किसी पर हमला करने के लिए नहीं, बल्कि आत्मरक्षा के लिए हैं। भारत की ऐटमी ताकत इस पूरे क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए है, हमारी सीमाओं की सुरक्षा के लिए है और भारत की सुरक्षा सारे राजनीतिक विचारों और भावनाओं से ऊपर हैं। इसपर सवाल उठाने वाले किस देश से प्रभावित हैं, किस विचारधारा पर चलते हैं, यह बताने की जरूरत नहीं है। इसी तरह आर्टिकल 370 को फिर से लागू करने की बात बेमानी है और भारत विरोधी है।




### आनंद तो जीवन में चलते जाना ही हैं

मुझे फेके गए पत्थर अपार मिले,
फक्तियाँ,ताने बन कर हार मिले।

शौक रखता हूं सब के साथ चलने का,
कही ठोकरे,कही जम कर प्यार मिले।

जीवन बीता आपा-धापी में ही यारों,
कभी मीठे बोल या प्रखर प्रहार मिले।

आनंद तो जीवन में चलते जाना ही हैं
प्रातःजीत मिले या दोपहर हार मिले।

खुशियों से दुशरों की खुश मिले लोग,
पर खुद से बेहद लाचार बेजार मिले।

आओ लगे यार से गले प्यार से,
शाम ये शायद न बार बार मिले।

भीग लें यादों की गुनगुनी बारिश में,
न ऐसी मदहोश निशा हर बार मिले।

**संजीव ठाकुर,**



# पैसों की हवस के आगे इंसान...

**ऋतुपर्ण दव**

**`पैसों की हवस के आगे इंसान इतना गिर जाए कि जिंदा इंसानों के शरीर के अंग बेचने लग जाए? भला कौन विस करेगा कि यह भी अब उन कुछ वहशियों का कारोबारी हिस्सा है, जो बाकयदा गैंग बनाकर, सुनियोजित तरीके से लगे हुए हैं।हैरानी तब ज्यादा होती है जब इसमें देवालय सदृश्य अस्पतालों के बड़े-बड़े रुतबेदार और ओहदेदार भी हिस्सेदार होते हैं। इस अवैध धंधे ने बहुत गहरी जड़ें कम समय में ऐसी जमा ली हैं कि धंधेबाज सरकार और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं।भारत में भी सीमा पार तक से गुपचुप तरीके से स्वस्थ लोगों के अंगों को खरीदने-बेचने का सिलसिला तेजी से पनप रहा है। इत्तेफाक से कोई मामला सामने आता है तो उसकी जड़ों तक पहुंचता जांच दल हक्का-बक्का रह जाता है। कैसे, कितनी सफाई से आंखों में धूल झोंक, इतना बड़ा कांड होता रहा और भनक तक नहीं लगी? बीते हफ्ते बांग्लादेश से बुलाकर जयपुर में अवैध तरीके से किडनी ट्रांसप्लांट करवाने वाले गिरोह का गुरु ग्राम में भांडाफोड़ हुआ।**



छापेमारी में किडनी ट्रांसप्लांट करा चुके और कराने वाले डोनर, मरीज सहित 4 लोग हत्थे चढ़े।इनसे खुलासा हुआ कि मरीजों से 10-12 लाख रु पये वसूले जाते, जबकि डोनर को महज दो लाख बांग्लादेशी टका पकड़ाते। पकड़ाए बांग्लादेशी किडनी डोनर शमीम ने हैरान कर देने वाली जानकारी दी। उसने फेसबुक पर किडनी डोनेट करने का विज्ञापन देखकर भारत में मुर्तजा से संपर्क साधा। उसके कई मेडिकल टेस्ट हुए। उसे कोलकाता के मेडिकल वीजा पर गुरु ग्राम में रु कवाया गया। आधार और दूसरे कई फर्जी कागज बने। पता चला कि गुरु ग्राम का बड़ा अस्पताल देख इनके जाल में लोग फंस जाते। बाद में इसी अस्पताल की जयपुर ब्रांच में ट्रांसप्लांटेशन का खेल होता। मुर्तजा झारखंड का है। लंबे समय से इस धंधे में लिप्त है।फरवरी, 2019 में कानपुर पुलिस ने एक बड़े किडनी-लीवर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। गिरोह गरीब को फंसाता और दिल्ली में किडनी बिकवाता। छह लोगों गिरफ्तार हुए जिनके तार न केवल कानपुर से दिल्ली, नोएडा, बल्कि विदेशों से भी जुड़े निकले। गिरोह किडनी बेचने वाले मजबूर को 3-5 लाख रुपये बमुश्किल देता वहीं जरूरतमंद से 30 लाख रु पये से भी ज्यादा वसूलता। जांच में खुलासा हुआ कि गैंग का सरगना टीआरके राव 2016 में अपोलो हॉस्पिटल किडनी कांड में जेल जा चुका है। विडंबना कहें या कानून से बेखौफ निर्लज्जता जेल से बाहर आते ही फिर इसी गोरखधंधे में लग गया। एक दूसरा आरोपी सबूर 2015 में जालंधर किडनी कांड में जेल जा चुका है।निश्चित रूप से ऐसी घृणित साजिश और कारोबार के पीछे चंद सफेदपोश मेडिकल प्रोफेसनल और उनका गिरोह होता है। ये इस पवित्र पेशे में आते वक्त हिप्पोक्रेटिक शपथ लेकर अपने चिकित्सकीय पेशे अनुरूप सेवा, कार्य और न्याय की शपथ लेते हैं। लेकिन अवैध कमाई के लालच में सब कुछ भूल, दैत्य और नरपिशाच सा काम करने लगते हैं। हमारे कानून में अंग प्रत्यारोपण और दान की तो इजाजत है लेकिन अवैध खरीद-फरोख्त की कतई नहीं। मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 में जीवित और मृत मस्तिष्क वाले दानदाता को इसकी इजाजत है। 2011 में अधिनियम में संशोधन कर, मानव ऊतकों यानी टिश्यू दान को भी शामिल किया गया।भारत में मानव अंगों के गैर-कानूनी कारोबार पर 5 से 10 साल तक की कैद और 20 लाख से 1 करोड़ रु पये तक के जुर्माने का प्रावधान है जबकि मानव ऊतक के धंधे पर एक से तीन साल की कैद और 5 से 25 लाख रु पये तक के जुर्माने का प्रावधान है। इतने सख्त कानून के बावजूद धड़ल्ले से मानव अंगों की खरीद-फरोख्त चिंताजनक है। ग्लोबल फाइनेंशियल इंटीग्रिटी (जीएफआई) के अनुसार विश्व में अंग तस्करी में किडनी की मांग सर्वाधिक है। जितने अंग प्रत्यारोपण होते हैं, उसमें 10 प्रतिशत तस्करी से होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि सालाना 10,000 किडनियों की तस्करी होती है अर्थात हर घंटे एक या उससे भी अधिक। भारत में भी आंकड़ा बड़ा होगा।अवैध अंग प्रत्यारोपण गैंगस्टर जैसा अपराध है। इसमें शामिल चिकित्सकीय पेशेवर 0.1 प्रतिशत से भी कम होंगे जो शेष पर भारी पड़ रहे हैं। इसे रोकने का सामर्थ्य कानून से ज्यादा पेशे से जुड़े शेष प्रोफेसनल्स में है। वही बेलगाम होते इस धंधे की परतें उधेड़ सकते हैं। बस जरूरत है कि इनकी सुरक्षा, गोपनीयता बनाए रखने के साथ मान-सम्मान को बरकरार रखा जाए ताकि ऐसे लोग स्वयमेव आगे आएं।

**यह निजी विचार है।**

# राष्ट्र निर्माता चंद्रगुप्त मौर्य का स्थान भारतीय इतिहास में सर्वश्रेष्ठ

**-सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

चंद्रगुप्त मौर्य पहला शासक था, जिसने एक संगठित राज्य की नींव डाली। राष्ट्र निर्माता चंद्रगुप्त मौर्य का स्थान भारत के इतिहास में बहुत ऊंचा है। साधारण से परिवार में जन्म लेकर नेपोलियन की ही भांति चंद्रगुप्त भी अपने बाहुबल के पराक्रम से भारत का सम्राट बना। चंद्रगुप्त मौर्य को ठाठबाट तथा सुंदरता से बड़ा प्रेम था। शिकार उसका प्रिय व्यसन था। इस काम के लिये उसने शिकार के वन बनवा रखे थे। उसे पशुओं की लड़ाई देखने का भी बड़ा शौक था। वह एक महान विजेता, कुशल शासक, राजनीतिज्ञ तथा प्रतिभाशाली व्यक्ति था। यूनानियों को भारत से निकाल कर उत्तरभारत के छोटे छोटे राज्यों को संगठित करके इतना विशाल साम्राज्य बनाने का श्रेय चंद्रगुप्त को ही है। दक्षिण विजय का भी प्रमाण उपलब्ध है। अपनी शासन व्यवस्था का सुंदर संगठन करके चंद्रगुप्त ने अपने महान व्यक्तित्व का परिचय दिया। चंद्रगुप्त एक दयालु प्रजापालक तथा न्यायप्रिय शासक था। कृषि, व्यापार, वाणिज्य तथा दण्ड व्यवस्था के विकास में चंद्रगुप्त ने सराहनीय कार्य किया। मेगस्थनीज का कहना है कि उसके शासन ने प्रजासुखी थी। लोग संपन्न थे और अपराध नहीं होते थे।लोगों का जीवन पवित्र एवं शुद्ध था। चंद्रगुप्त का नाम भारतीय सम्राटों में बहुत ऊंचा है।

जिस समय सिंकदर पश्चिमी भारत को विजीत कर रहा था, उस समय पूर्वी भारत में राजनैतिक अराजकता फैली हुई थी। केवल मगध का राज्य ही एकमात्र शक्तिशाली राज्य था। मगध राज्य की सैनिक शक्ति से भयभीत होकर ही सिकंदर के सैनिकों ने आगे बढ़ने से इंकार कर दिया था, जिसके कारण सिकंदर को अपनी विजय अधूरी छोड़कर ही वापस लौटना पड़ा था। मगध राज्य के शासक काफी अलोकप्रिय थे। साथ ही इधर एक व्यक्ति मगध राज्य को पराजित करने की योजना बना रहा था। उस महान व्यक्ति का नाम चंद्रगुप्त मौर्य था। चंद्रगुप्त की जाति के संबंध में विद्वानों में बहुत मतैक्य है। बहुत से विद्वान उसे किसी नीच जाति का मानते हैं। कुछ विद्वान उसे क्षत्रिय मानते हैं। वहीं कुछ उसे मगध सम्राट नंद का बेटा, जो मुरा नाम की शुद्र स्त्री से उत्पन्न हुआ मानते हैं। कुछ भी हो चंद्रगुप्त एक महान वीर, योग्य तथा पराक्रमी शासक था। चंद्रगुप्त मौर्य का जन्म ई. सन से लगभग तीन सौ पैतालीस वर्ष पूर्व हुआ था। इसका पालन पोषण माता ने किया था। कुछ लोगों का मत है ,चंद्रगुप्त मगध सम्राट के यहां काम करता था। पर कुछ कारणों से राजा से उसकी खटपट हो गई। अतः उसे नौकरी छोड़नी पड़ी। चाणक्य नाम का एक ब्राम्हण भी नंद राजा का दुश्मन था ,क्योंकि राजा नदं ने उसका अपमान कर दिया था। इस प्रकार चंद्रगुप्त और चाणक्य दोनों नंदवंश को उखाड़ फेंकना चाहते थे। संयोग से चंद्रगुप्त की भेंट चाणक्य से हो गई।

दोनों ने मिलकर नंदवंश के नाश की योजना बनानी शुरू की । दोनों ने कुछ थोड़ी सेना इकट्ठी की और मगध पर आक्रमण कर दिया। युद्ध में इनकी पराजय हो गई। फलस्वरूप चाणक्य तथा चंद्रगुप्त दोनों को मगध छोड़ना पड़ा। मगध से भागकर चंद्रगुप्त चाणक्य के साथ पंजाब की ओर चला गया। उन दिनों सिकंदर पंजाब के राज्यों को जीत रहा था चंद्रगुप्त ने सोचा कि यदि सिंकदर नंद राज्य को जीत ले और फिर भारत से वापस चला जाये, तो मैं नंदराज्य पर अधिकार जमा लूं। इस विचारसे चंद्रगुप्त सिकंदर से मिला। पर उसकी बात से सिकंदर चिढ़ गया। और उसने अप्रसन्न होकर चंद्रगुप्त को मार डालने की आज्ञा दे दी, पर चंद्रगुप्त किसी तरह सिकंदर के चंगुल से भाग निकला। सिकंदर के वापिस जाने के बाद पंजाब में ही रहकर चंद्रगुप्त ने सेना इकटठी करनी शुरु कर दी। चाणक्य ने भी उसकी पूरा 'सहायता की दोनों ने मिलकर पंजाब के राजाओं को भी उकसाया। इस प्रकार चंद्रगुप्त के पास काफी विशाल सेना हो गई। और साथ ही वह पंजाब की जनता तथा राजाओं में लोकप्रिय हो गया। सेना -इकट्ठी करके चंद्रगुप्त ने सिकंदर के उन सेनापतियों के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। जिन्हें सिकंदर लौटते समय उन राज्यों का गवर्नर बना गया था, जो उसने जीते थे। चंद्रगुप्त ने अपनी सेना के बल से उत्तर पश्चिमी भारत से यूनानियों को मार भगाया। इस प्रकार पंजाब पर उसका पूर्ण अधिकार हो गया। इसके बाद चाणक्य ने काश्मीर की पहाड़ियों के राजा पर्वतेश्वर से संधि कर ली, ताकि एक विशाल सेना लेकर मगध के साम्राज्य पर आक्रमण किया जा सके।

इस प्रकार एक विशाल सेना लेकर चंद्रगुप्त मगध के नंद शासक पर आक्रमण करने चला। नंद राज्य का सेनापति भद्रशाल था। वह अपनी सेना लेकर युद्ध क्षेत्र में आ गया पर चंद्रगुप्त के सामने वह ठहर नहीं सका। चंद्रगुप्त इस युद्ध में विजयी रहा। इसके बाद नंदवंश के अन्य लोगों का भी वध कर दिया गया। इस प्रकार मगध पर अधिकार हो जाने के बाद संपूर्ण उत्तरी भारत पर चंद्रगुप्त का अधिकार हो गया। इन युद्धों में चाणक्य ने चंद्रगुप्त की बड़ी सहायता की थी। इन युद्धों की विजय में जहां चंद्रगुप्त की वीरता का महत्व है वहां चाणक्य की कूटनीति तथा बुद्धि का भी है। इस प्रकार चंद्रगुप्त मौर्य मगध का सम्राट बना। चाणक्य को उसने अपना प्रधानमंत्री बनाया। मगध के सिंहासन पर बैठने के बाद चंद्रगुप्त ने अपनी सेना का बहुत सुंदर संगठन किया। उसकी सेना में छह लाख पैदल बीस हजार घुडसवार और नौ हजार लडाकू हाथी थे। चंदगुप्त का राज्य मगध और पंजाब तक सीमित नहीं था। जूनागढ़ के शिलालेख से तो यह भी प्रमाण मिलता है कि सौराष्ट्र भी उसके राज्य के अधीन था। कुछ इतिहासविदों का कहना है कि छह लाख सेना लेकर चंद्रगुप्त दक्षिण विजय को गया एवं वहां भी उसने अधिकार स्थापित किया। चंद्रगुप्त के शासन कार्य में उसका प्रधानमंत्री चाणक्य उसकी बड़ी सहायता करता था। चंद्रगुप्त की शासन व्यवस्था बहुत अच्छी थी। उसके संपूर्ण शासन को आठ अंगों में बांटा जा सकता है। केंद्रीय शासन, प्रांतीय शासन, नगर शासन, जनपद ग्रामीण शासन, सैनिक प्रबंध, न्याय व्यवस्था, अर्थ विभाग, गुप्तचर विभाग ।

केंद्रीय शासन- शासन का सारा अधिकार सम्राट को प्राप्त था। वह स्वतंत्र था और उसके मार्ग में कोई बाधा नहीं थी। देश के लिये वही कानून बनाता और देश का सबसे बड़ा न्यायाधीश भी वहीं था। अपनी प्रजा के प्रति चंद्रगुप्त कभी उदासीन नही रहा। उसने वहीं कार्य किये, जो प्रजा के लिये हितकारी थे। मौर्य शासन कठोर व निरंकुश था। और समय को देखते हुए ऐसा होना ठीक ही था। शासन के काम में सम्राट की सहायता के लिए एक मंत्री परिषद थी। मंत्रियों के अधीन और भी बहुत से कर्मचारी होते थे। चाणक्य चंद्रगुप्त का प्रधानमंत्री था, मंत्री परिषद की एक अंतरंग समिति थी, जिसमें प्रधानमंत्री, पुरोहित, सेनापति तथा युवराज होते थे। युद्ध और शांति के मामले में सम्राट को परापर्श देने के लिये कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों की एक समिति होती थी, पर सम्राट मंत्री परिषद या इस समिति की राय मानने के लिये विवश नहीं था। इसके अलावा अन्य भी अनेक महत्वपूर्ण पदाधिकारी थे।

प्रांतीय शासन- संपूर्ण साम्राज्य प्रांतों में विभाजित व समीप के प्रांतों का शासन स्वयं सम्राट के अधीन होता था और दूर के मुख्य मुख्य प्रांतों का शासन राजकुल के कुमार करते थे। चंद्रगुप्त का साम्राज्य कितने राज्यों में विभक्त था वह ज्ञात नहीं है प्रांत के शासको को बारह सौ पण वार्षिक वेतन मिलता था। प्रांत जनपदों में बंटे हुये थे। एक जनपद में कई गण होते थे, गण का अधिकारी स्थानिक कहलाता था। कई गांवों को मिलाकर एक गण बनता था। प्रत्येक गांव में एक मुखिया होता था। इसी प्रकार नगरों में मुख्य अधिकारी नागरिक होता था।

**नगर शासन-** पाटलीपुत्र के नगर शासन के संबंध में अनुमान है कि सभी बड़े नगरों में भी ऐसी ही व्यवस्था रही होगी। नगर का शासन नागरिकों के हाथ में था। उस समय आजकल की सी नगरपालिकाएं होती थी। नगर के शासन का सारा कार्य समितियों द्वारा होता था। और प्रत्येक समिति में पांच सदस्य होते थे। पहली समिति औद्योगिक शिल्पों की देखभाल करती थी। कारीगरों तथा शिल्पकारों की देखभाल करना तथा उनका परिश्रम के निर्धारित करना इसी समिति का काम था। दूसरी समिति विदेशियों की गतिविधियों तथा उनकी आवश्यकताओं का ध्यान रखती थी। ऐसा लगता है कि चंद्रगुप्त के राज्य में विदेशियों की संख्या काफी थी, तीसरी समिति नगर में होने वाले जन्मों तथा मृत्युओं का हिसाब रखती थी, चौथी समिति सामान्य व्यापार तथा वाणिज्य के लिये उत्तरदायी थी। लेनदेन में सही मापों तथा बांटों का प्रयोग किया जाये इस बात की निगरानी वही समिति करती थी। एक से अधिक वस्तुओं का व्यापार करने वालों को अपेक्षाकृत अधिक कर देना पड़ता था, कारखानों तथा उत्पादों का निरीक्षण करना पांचवी समिति का काम था। यह समिति ध्यान रखती थी कि नई व पुरानी वस्तुयें एक साथ मिलकर न बेची जाये।

**जनपद शासन-**

ज़ गांवों का शासन पहले जैसा ही था गांव शासन की सबसे छोटी इकाई थे। गांव का प्रबंधकर्ता ग्रामिक कहलाता था, जो ग्राम वृद्धों की सहायता से गांव का प्रबंध करता था। पांच या दस गांवों का अधिकारी गोप कहलाता था। इससे बड़े क्षेत्र का अधिकारी स्थानिक कहलाता था। स्थानिक से बड़ा अधिकारी समाहर्ता होता था।

**सैनिक प्रबंध-** चंद्रगुप्त को मगध साम्राज्य की काफी सेना मिली थी। बाद में उसने अपनी सेना को और भी बढ़ाया। चंद्रगुप्त की सेना में छह लाख पैदल, तीस हजार घुडसवार,नौ हजार हाथी और आठ हजार रथ थे। इतनी बड़ी विशाल सेना का प्रबंध करने के लिये एक परिषद थी, जिसमें तीस सदस्य होते थे। पांच पांच सदस्यों की छह समितियां बनी हुई थी। सेना के निम्नलिखित विभाग एक एक समिति के अधीन थे। नौ सेना, यातायात तथा युद्ध सामग्री, पैदल सेना, अश्व सेना, रथ सेना और गज सेना, नौ सेना समिति का काम नौकाओं व जहाजों की देखभाल करना था, सेना यातायात तथा युद्ध सामग्री समिति का काम सेना के आवागमन का प्रबंध करना, तथा युद्ध सामग्री पहुंचाने का प्रबंध करना था। पैदल सेना समिति का काम पैदल सैनिको का प्रबंध करना था। अश्व सेना समिति का काम घुडसवारों तथा घोड़ों की देखभाल करना था, रथ सेना समिति का काम युद्ध के रथों का प्रबंध करना था। और गज सेना समिति का काम लडाकू हाथियों संबंधी प्रबंध करना था।

**न्याय व्यवस्था-** सम्राट देश का सबसे बड़ा न्यायाधीश था। नगरों व गांवो में अलग अलग न्यायालय थे, जिनमें मुकदमों के फैसले किए जाते थे। बहुत से मामले साधरण पंचायतों द्वारा तय हो जाते थे, नीचे के न्यायालयों के निर्णय के विरुद्ध उपर के न्यायालयों ने अपील करने का नियम था। दण्ड बहुत कठोर था। कठोर दण्ड इसलिये थे कि अपराध बहुत कम हो। अपराधी के प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिखाई जाती थी। छोटे छोटे अपराधों पर भी बहुत सजा दी जाती थी। अंगहानि करने या अपवंचन करने के अपराधों में मृत्युदण्ड दिया जाता था । व्याभिचारी का अंग भंग कर दिया जाता था। दण्डों की कठोरता का प्रभाव यह हुआ कि अपराध बहुत ही कम होते थे।

**अर्थ विभाग-** साम्राज्य की आय का मुख्य साधन भूमि कर या संपूर्ण उपज का चौथाई भाग कर के रूप में लिया जाता था! कुछ अवस्थाओं में यह कर उपज का आठवां भाग भी लिया जाता। भूमिकर की वसूली की बड़ी अच्छी व्यवस्था थी। समाहर्ता नामक अधिकारी इसी काम के लिये होता था। जमींदारी प्रथा नहीं थी। सम्राट तथा किसानों का सीधा संबंध था। राज्य की ओर से भूमि का सिंचाई आदि की व्यवस्था होती थी। नगरों में जन्म मरण कर, जुर्माने तथा बिक्री कर से भी राज्य को आय होती थी। -इसके अलावा खान, वन, घाट, तथा चुंगी आदि भी राज्य के आय के साधन थे।

गुप्तचर विभाग-

सम्राट चंद्रगुप्त का गुप्तचर विभाग बहुत अच्छा संगठित था। इसका मुख्य काम अपराधियों तथा विद्रोहियों पर निगरानी रखना तथा उनकी गतिविधियों का पता लगाना था। ये भेष बदलने में बड़े निपुण होते थे। तथा तरह तरह की भाषाएं भी जानते थे। इस तरह वे हर तरह के लोगों में जाकर सब प्रकार की बातें मालूम कर लेते थे। कुछ गुप्तचर एक स्थान पर रहते थे, और कुछ इधर उधर घूमते फिरते थे। राजा के पास ये अपनी क्रियाकलापों का ब्यौरा भेजा करते थे।

चंद्रगुप्त की राजधानी पाटलीपुत्र थी। गंगा और सोन नदी के संगम पर बसा हुआ यह नगर साढ़े नौ मील लंबा और लगभग एक बटै तीन चौथाई मील चौड़ा था। नगर की रक्षा के लिये छह सौ फीट से अधिक चौडी तथा तीस हाथ गहरी खाई चारों तरफबनाई गई थी। इसके अलावा एक ऊंची प्राचीन भी थी, जिसमें 570 बुर्ज तथा 64 द्वार थे। सारा शहर लकड़ी का बना होता था, जगह जगह पर टूटने वाले पुल तथा फाटक थे। विश्रामगृहों, नाट्यशालाओं, खेलघरों, दौड़ के मैदानों तथा अन्य प्रकार के सार्वजनिक स्थानों से नगर शोभायमान रहता था, बाजार बहुत सुंदर और व्यवस्थित थे। सड़कों पर भी खूब भीडभाड़ रहती थी। सम्राट का महल नगर के बीच में था, जिसके चारों ओर सुंदर बाग थे। सम्राट का महल भी लकड़ी का ही बना हुआ था। सम्राट का महल बड़ा भव्य एवं सुंदरता की मिशाल लिये अप्रतिम था। एक बार चंद्रगुप्त के राज्य में बहुत जोर का अकाल पड़ा। उसी समय वह जैन आचार्य भद्रबाहु के साथ दक्षिण भारत की ओर चला गया, और उधर ही 298 ई. पू. मे उसकी मृत्यु हो गई।

**यह निजी विचार है।**

## खास खबर

### मोहला के बच्चों ने अपने पालकों से की मतदान करने की अपील

**मोहला।** सशक्त व मजबूत लोकतंत्र के लिए शत-प्रतिशत मतदान होना आवश्यक है। इसलिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत मोहला विकासखंड के विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता, दादा-दादी, घर के बड़ो एवं पालकों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अपील पत्र लिखा है। पालकों द्वारा जवाब में अपने बच्चों के आग्रह को स्वीकार करते हुए 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प पत्र दिया गया। उल्लेखनीय है कि, स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत हर नागरिक को मतदान के महत्व को बताने के लिए की जा रही गतिविधियों में से एक गतिविधि स्कूल शिक्षा विभाग विकासखंड मोहला द्वारा विद्यार्थियों के माध्यम से अपने घर के बड़े बुजुर्गों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया गया। स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला राजेंद्र कुमार देवांगन ने जानकारी दिया कि मोहला के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के सभी विद्यार्थियों ने अपने पालकों को अपील पत्र लिखकर अपने मतदान का प्रयोग करने की अपील की है। मतदाता जागरूकता के इस गतिविधि में लगभग 5200 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनो पालकों को अपील पत्र लिखा है।

### सी-विजिल एप्प के संबंध में प्रोग्रामर्स एवं आपरेटर्स को दिया गया प्रशिक्षण

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में जिले में तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके तहत विभिन्न कार्यों के संपादन के लिए एक ओर जहां टीमों का गठन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों के संपादन के लिए उन टीमों को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी लोकसभा 2024 के लिए सी-विजिल, इनकोर के संबंध में प्रोग्रामर्स को एनआईसी के अधिकारी आशीष वर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में तकनीकी प्रोग्रामर्स एवं आपरेटर्स को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दौरान एप्प से संबंधित तकनीकी पहलुओं एवं सभी प्रकार के डाटा एण्ट्री से संबंधित कार्यों के निष्पादन की विस्तृत जानकारी दी गई। गौरतलब है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन आयोग की ओर से सी-विजिल मोबाइल एप की सुविधा की गई है।

### मेडिकल कैंपः 210 दिव्यांगों का बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी विनय तिवारी के नेतृत्व में सारंगढ़ के सामुदायिक अस्पताल में द्वितीय शनिवार को मेडिकल कैंप आयोजित हुआ। इस कैंप में 271 दिव्यांगों का पंजीयन हुआ, जिसमें 210 दिव्यांगों का यूडीआईडी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनेगा। इस जांच टीम में जिला मेडिकल बोर्ड रायगढ़ के डॉ अशोक कुमार अग्रवाल, शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ मीना पटेल, नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ दिनेश पटेल, अस्थि रोग विशेषज्ञ, चक्रधर पटेल, ऑडियो मेट्री टेक्नीशियन, नेल्सन गुप्ता, श्रवण बाधित, तकनीकी सहायक, शिवा बरेठ, कार्यालय सहायक, वेद प्रकाश साव, यूडीआईडी तकनीकी ऑपरेटर का विशेष योगदान रहा।

# तपती धूप में खाली पैर जनता से पीएम मोदी के लिए आशीर्वाद माँग रहीं भावना

पंडरिया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस तरह देश के लिए तपस्या कर रहे हैं, उसी तरह पंडरिया क्षेत्र की भाजपा विधायक भावना बोहरा भी पार्टी के लिए लगातार तपस्या कर रही हैं। वे तपती धूप में निर्जला एवं खाली पैर रहकर गांव गांव तथा गली गली में घूम घूमकर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के लिए लोगों से मतदान की अपील कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी से प्रभावित भावना बोहरा पहली बार पंडरिया सीट से विधायक चुनकर आई हैं, लेकिन उनकी कार्यशैली किसी मंजे हुए जनप्रतिनिधि की तरह है। प्रधानमंत्री मोदी हर नवरात्रि में निर्जला व्रत रखते हैं। विधायक भावना बोहरा भी नवरात्रि में निर्जला व्रत रखती हैं।



और तो और उन्होंने नौ दिनों के लिए चप्पल जूती तक का भी त्याग कर दिया है। इतनी भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में भी भावना बोहरा खाली पैर चलती हैं। जब धरती आग की तरह गर्म हो जाती है तब भी भावना बोहरा अपने शरीर और पैरों की परवाह न करते हुए पार्टी के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहीं है।

वे रोजाना अपने निर्वाचन क्षेत्र में जनता के बीच गांवों में पहुंचती हैं और गली गली पैदल घूमते हुए लोगों से जीवंत संपर्क करती हैं। चेहरे पर वही ओज, वही मुस्कान बरकरार रहता है, जैसा कि आम दिनों में। भावना बोहरा की यह कठिन तपस्या ग्रामीणों को सहज ही आकर्षित कर रही है उन्हें अपने बीच पाकर महिलाओं, युवतियों और नव मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। अल सुबह विधायक भावना बोहरा अपने निवास से गांवों की ओर निकल पड़ती हैं और अपने तय कार्यक्रम के अनुरूप जब तक गांवों में जनसंपर्क पूरा न कर लें, घर नहीं लौटतीं। नवरात्र के उपवास के बीच खाली पैर चलकर लोगों से लोकसभा चुनाव में मोदी के लिए आशीर्वाद मांगती गांव गांव और गली गली घूम रहीं भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लिटीपुर, बिरनपुर, बिटकुली, गुढ़ा, तमरुआ, कुंआ, कोयलारी, बिपतरा, मरका, चचेड़ी, कोसमंदा समेत अन्य गांवों में जनसंपर्क किया। कई गांवों में जहां बुजुर्ग माताओं ने उनके सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद दिया, वहीं महिलाओं ने उन्हें गले लगाकर भाजपा को साथ देने का संकल्प व्यक्त किया। इससे पहले विधानसभा चुनाव के दौरान भी शारदीय नवरात्रि में भावना बोहरा ने पूरे नौ दिनों तक निर्जला व्रत रखा था। तब भी वे खाली पैर रहकर अपने चुनाव प्रचार में गांव गांव घूमती नजर आई थी ।

### नव मतदाताओं और महिलाओं पर सकारातमक प्रभाव

वहीं दूसरी ओर नव मतदाता, युवाओं और महिलाओं के बीच उनका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। उनकी कार्यशैली, जनसेवा के कार्यों एवं जनता के प्रति संवेदना को देखकर युवा मतदाता उनसे ज्यादा प्रभावित हो रहें हैं और भाजपा की ओर उनका समर्थन व झुकाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। उनके साथ सेल्फी लेते हुए राजनीति के क्षेत्र में रूचि रखने वाले युवा उन्हें एक प्रेरणा के रूप में देख रहें हैं और भावना बोहरा भी किसी को निराश नहीं करतीं और मुस्कुराते हुए उनके साथ सेल्फी लेकर उन्हें प्रेरित कर रहीं हैं। भावना बोहरा अब तक अपने निर्वाचन क्षेत्र के आदिवासी क्षेत्र से लेकर दूरस्थ क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक गांवों का दौरा कर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में जबरदस्त माहौल बना चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति क्षेत्र के युवाओं, बुजुर्गों महिलाओं समेत हर आयु वर्ग के लोगों में अथाह समर्थन देखने को मिल रहा है।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता को मोदी की गारंटी में हमने जो वादा किये हैं वह पूरे हो रहें हैं विगत पांच वर्षों में हमने छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस के कुशासन में जो बदहाली देखी, जनता के अधिकारों का हनन हुआ, विकास कार्य ठप्प थें और भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी चरम पर थी उसमें अब अंकुश लगाने का काम हमारी सरकार कर रही है। पूर्ण पारदर्शिता के साथ जनता के हित व अधिकारों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का सञ्चालन हो रहा है द्य महिलाओं को सशक्त और किसानों को समृद्ध बनाने के साथ ही छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति मिल रहा है। विदित हो की भावना बोहरा द्वारा अपने क्षेत्र के विकास एवं जनहित के कार्यों के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ द्वारा पारित बजट में भी पंडरिया विधानसभा के 150 किमी से अधिक सड़कों, पुल-पुलिया के निर्माण, सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी के लिए क्रांति जलाशय व सुतियापाट नहर विस्तारीकरण कार्य का भूमिपूजन, कांग्रेस सरकार द्वारा रोके गए डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन हेतु 300 करोड़ की स्वीकृति भी दी गई है जो क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ।

# महिलाओं को सम्मान व बराबरी का हक दिलाने कांग्रेस तत्पर : ज्योत्सना

कोरबा। लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के द्वारा संसदीय क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क लगातार जारी है। सांसद ने प्रगतिनगर दर्री, अयोध्यापुरी, स्याहीमुड़ी, बरेडीमुड़ा, श्यामनगर आदि क्षेत्रों में व्यापक दौरा करते हुए उपस्थित जनता को संबोधित किया। सांसद ने कहा कि आप सबको अपने हक के लिए लड़ाई लडऩी है। देश का संविधान खतरे में है और लोकतंत्र को बचाने के लिए केन्द्र में कांग्रेस की सरकार चुनकर लाना है।



मोदी जी अपनी गारंटी अपने 25 वर्ष 2047 तक पूरा करने की बात कह रहे हैं तो यह सब अजब और झूठ लगता है। 10 साल से मोदी की सरकार बैठी है लेकिन आज तक कोई गारंटी पूरी नहीं किए लेकिन कांग्रेस सरकार बनते ही सारे संकल्प पूरे किए जाएंगे। सांसद ने कहा कि देश में 140 करोड़ की आबादी में 70 करोड़ महिलाएं हैं जिनके सम्मान और बराबरी के लिए कांग्रेस तत्पर है। हमने 5 न्याय और 25 गारंटी को पूरा करने का संकल्प लिया है जिसमें महिलाओं को बराबरी का अधिकार देकर 50 प्रतिशत आरक्षण देंगे। कांग्रेस की सरकार बनते ही प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला के खाते में सम्माजनक राशि 8333 रुपए 5 साल में 5 लाख रुपए दिया जाएगा।

युवाओं को रोजगार देने के लिए 5 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे जिसमें हर जिले के लिए राशि जारी होगी ताकि युवा अपना उद्योग भी स्थापित कर सकें। इस दौरान उपस्थित क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने भी अपनी बातें रखते हुए कांग्रेस का हाथ मजबूत करने का आह्वान किया ताकि देश में आने वाले संवैधानिक संकट को टाला जा सके। जनसंपर्क के अवसर पर स्थानीय लोगों के द्वारा सांसद का आत्मीय स्वागत पुष्पगुच्छ व पुष्पहार भेंट कर किया जाता रहा। जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस कमेटी कोरबा ब्लाक अध्यक्ष संतोष राठौर, भोला यादव, पूजा श्रीवास्तव, ललिता गभेल, संगीता श्रीवास, पूनम यादव, अजीत सिंह, शशि किरण, दीपाली बंजारे, हर कुंवर साहू, मीना देवी, संगीता यादव, निर्मला दुबे, कांति यादव, संतोषी धीवर, गायत्री विश्वास, पूजा श्रीवास्तव, कुंती गोप सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बृजमोहन अग्रवाल का लगातार जनसंपर्क अभियान, मिल रहा लोगों का आशीर्वाद

रायपुर। छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री दक्षिण विधायक और रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल लोकसभा के मद्देनजर लगातार जनता के बीच पहुंच रहे हैं वे जनता से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं एवं जन समस्याओं और सुझावों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसके लिए उन्होंने एक टोल फ्री नंबर भी जारी किया है जहां जन सुझावों को गंभीरता से सुना एवं उस पर क्रियान्वयन किया जा रहा है ।



लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने अपने जनसंपर्क की स्मृतियां साझा करते हुए कहा की रायपुर लोकसभा की जनता से मिल रहे अपरिमित स्नेह और सहयोग से अभिभूत हूं रायपुर लोकसभा की जनता यह अहसास ही नही होने देती की हम चुनावी मैदान में उतर कर मतदान हेतु जन संपर्क कर रहे हैं जहां जाता हूं लोकसभा क्षेत्र की जनता मुझे अपने परिवार के वरिष्ठ सदस्य की तरह स्नेह प्रदान कर रही है जगह जगह महिलाएं आरती उतार रही हैं।

बुजुर्ग तिलक और पुष्प माला के साथ बृजमोहन से अपने पन के साथ भेंट करते हैं , युवा और बच्चे मेरे साथ सेल्फी लेने उत्साह के साथ आते हैं और उन सभी का बेहतरीन प्रतिसाद भाव विभोर कर देता है रायपुर लोकसभा की जनता का स्नेह देखकर मैं दावे के साथ कह सकता हूं की भारतीय जनता पार्टी और बृजमोहन अग्रवाल रायपुर लोकसभा से ऐतिहासिक जीत की बढ़ रही है और निश्चित ही रायपुर लोकसभा से एक नया कीर्तिमान स्थापित होगा मैं भी रायपुर लोकसभा की जनता से वादा करता हूं की परिवार के वरिष्ठ सदस्य की तरह एक पालक की तरह लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए क्षेत्र वासियों की समस्या के निदान के लिए पूर्व की तरह सदैव चौबीसों घंटे उपलब्ध रहूंगा।

# लैंडमाइन बिछाकर हासिल नहीं हो सकता बस्तर के विकास का लक्ष्य : विजय शर्मा

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि लैंडमाइन बिछाकर बस्तर के विकास का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। सचमुच ही माओवादी अगर बस्तर के विकास और खुशहाली के पक्षधर हैं तो उन्हें बारूद और बंदूक का रास्ता छोड़कर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर यकीन करना होगा। आज बस्तर नक्सलियों के बिछाए गए लैंडमाइन से लहू-लुहान है। विनाश छोड़कर उन्हें विकास का रास्ता अपनाना ही होगा। उपमुख्यमंत्री बीजापुर मे आईडी ब्लास्ट से एक मजदूर की मौत व एक अन्य के घायल होने की घटना पर चिंता व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने घायल का समुचित इलाज कराए जाने का आश्वासन दिया।

12 अप्रैल को जिला बीजापुर के थाना गंगालूर क्षेत्रांतर्गत ग्राम डुमरी पालनार (थाना से लगभग 17 किमी. पूर्व दिशा) में लगभग 12



बजे पुलिया निर्माण कार्य में लगे मजदूर मुन्ना भारती (उम्र 52 वर्ष) ग्राम छोटेदेवड़ा, थाना बकावंड, जिला बस्तर के आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से गंभीर रूप घायल हो गया था। जिसे उपचार हेतु नेलसनार हास्पिटल लाया जा रहा था, रास्ते में ही मृत्यु हो गई। जिसका पोस्टमार्डम नेलसनार में कराया जा रहा है। उक्त घटना में 1 और मजदूर दिनेश कश्यप पिता अमल साय कश्यप उम्र 31 वर्ष निवासी छोटेदेवड़ा विकासखंड बस्तर जिला बस्तर के बायीं कॉन में सुनाई नहीं दे रहा हैं। मजदूर का ईलाज मिरतूर अस्पताल में चल रहा है।

मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहरा रहा हूं कि आईईडी नहीं पहचानता कि इस पर पैर रखने वाला कौन है, इसका शिकार बड़ी संख्या में बस्तर के आदिवासी भाई और मवेशी हो रहे हैं। लगातार आईईडी ब्लास्ट की घटनाएं हो रही हैं , जो सरकार के साथ हर उस व्यक्ति के लिए चिंता का विषय है जो लोकतान्त्रिक मूल्यों की परवाह करता है।

### विनाश के रास्ते से नक्सलियों को कुछ हासिल नहीं होने वाला

गृहमंत्री विजय शर्मा ने आगे कहा है कि यह विनाश के रास्ते से नक्सलियों को कुछ हासिल नहीं होने वाला। नक्सलियों को विकास के लिए अपनी भूमिका तय करनी चाहिए। यह भूमिका हिंसा का रास्ता छोडकर ही संभव है।

# सिपेट से 5 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे कमार और आदिवासी बच्चे

**धमतरी।** जिला प्रशासन द्वारा जिले के आदिवासी और कमार बच्चों को हुनरमंद बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते 8 अप्रैल को जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह के 50 विद्यार्थी एवं कमार आवासीय विद्यालय नगरी के 3 विद्यार्थी इस प्रकार कुल 53 विद्यार्थियों जिसमे 31 बालिकाओं और 22बालको को राजधानी रायपुर स्थित सिपेट के जरिए प्लास्टिक प्रोसेसिंग एवं रिसाइक्लींग प्रशिक्षण प्राप्त करने राजधानी रायपुर भेजा गया।


प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे छात्र छात्राओं काजल, श्वेता, सोनल, प्रीति और सौरभ, रितेश, राघवेंद्र, शेखर, सागर और अभिषेक ने कहा की जिला प्रशासन द्वारा हमें हुनरमंद बनाने के लिए जो प्रयास किया गया है, वह सराहनीय है। इसके लिए हम जिला प्रशासन का धन्यवाद करते है की ग्रामीण अंचल से निकल कर सिपेट ऐसे प्रतिष्ठित और बड़े संस्थान में हमें प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया। संस्थान में आयोजित चर्चा में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह के छात्र अभिषेक ने कमार बोली में अनुभव साझा करते हुए बताया की यंहा आकर हमने सिंगल यूज़ प्लास्टिक और अन्य प्लास्टिक का बारे में जाना। साथ ही हमें प्रोसेसींग यूनिट, में प्लास्टिक से बनने वाली चीजों के बारे में भी बताया गया। मशीनों द्वारा किये जाने वाले कार्यों आदि के बारे में भी बताया गया। इस दौरान संस्थान के शिक्षकों ने भी पूरा सहयोग दिया।

# लेजिस्लेटिव थियेटर पर नाटक ''परदेसी क्यों'' का मंचन

### विश्व रंगमंच दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

**राजनांदगांव,**विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर जन संस्कृति कोलकाता और सृजन सामाजिक संस्था राजनांदगांव द्वारा लेजिस्लेटिव थियेटर विषय पर स्थानीय लायंस क्लब भवन में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें पलायन के मुद्दे पर नाटक ''परदेसी क्यों..?'' का मंचन किया गया। वरिष्ठ रंगकर्मी एवं सृजन सामाजिक संस्था के संचालक शरद श्रीवास्तव ने बताया कि नगर में पहली बार लेजिस्लेटिव (विधायी) थियेटर का प्रदर्शन किया गया। कोलकाता की जन संस्कृति संस्था के नाट्यदल द्वारा नाटक मंचन के पश्चात् दर्शकों से पलायन संबंधी विषय पर गंभीर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कोलकाता से आए नाट्य निर्देशक डॉ. संजय गांगुली, आनंद वर्गिस, आलोक शर्मा, नीरज बाजपेयी, सुदेश यादव और दिलीप खंडेलवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विपिन ठाकुर ने किया। नाटक परदेशी क्यों पलायन पर आधारित था। नाटक के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया गया कि किन परिस्थितियों में भारी संख्या में लोग रोजी रोटी के लिए परिवार सहित पलायन कर जाते हैं और उसके बाद उन्हें किन किन मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। दर्शक के रूप में कार्यक्रम में अधिवक्तागण, पैरालीगल वालंटियर, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् एंव बुद्धिजीवि वर्ग उपस्थित थे। नाटक के मंचन के पश्चात दर्शकों से सुझाव, सलाह और विषयवस्तु आधारित विचार विमर्श किया गया, जिसमें सभी दर्शकों ने सक्रिय रूप से बढ़-चढ़कर भाग लिया। कोलकाता से आये जन संस्कृति के आर्टिस्टिक डायरेक्टर डॉ. संजय गांगुली ने दर्शकों से कहा कि लेजिस्लेटिव थियेटर केवल मंच तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह मंच के सामने बैठे दर्शकों की अंतिम पंक्ति तक पहुंच रखता है, जिसमें मंच पर अभिनय करने वाले कलाकारों सहित दर्शकों की भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका रहती है।

# भाय कुभाय अनख आलसहुं, नाम जपत मंगल दिशी दासहूं -राजेश्री महन्त जी



......

अंतर्राष्ट्रीय श्री राम नाम बैंक के सम्मान समारोह में उपस्थित हुए महामंडलेश्वर जी महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज होटल मंगलश्री, मुंगेली नाका, बिलासपुर में अंतर्राष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा संचालक महेश चंद्र गुप्ता ने की, प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, यहां पहुंचने पर आयोजक मंडल के द्वारा राजेश्री महन्त जी महाराज का स्वागत किया गया। तदुपरांत उन्होंने उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि- भगवान श्री रघुनाथ जी के नाम को व्यक्ति चाहे जिस रूप में भी सुमिरन करें उसका कल्याण ही होता है, गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने लिखा है कि - तुलसी मेरे राम को रीझ भजो या खीझ। खेत पड़े हैं ऊगिहैं, उल्टो सीधो बीज।। उन्होंने कहा कि किसान खेत में बीज को अपनी सुविधा के अनुसार सींचता है और फ सल उगता ही है।

रघुनाथ जी के नाम के चिंतन सुमिरन से व्यक्ति के जीवन में एक दिशा में कौन कहे? दशों दिशाओं में मंगल ही मंगल होता है। श्री रामचरितमानस में लिखा है कि -भाय कुभाय अनख आलसहुं। नाम जपत मंगल दिशि दसहूं।। इस अवसर पर उन सभी लोगों को सम्मानित किया गया जो प्रतिदिन राम नाम लिखकर उसे अंतरराष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक में जमा करते हैं। उल्लेखनीय है कि यहां साधकों के द्वारा करोड़ों की संख्या में राम नाम लिखे जा चुके हैं?।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से श्रीमती नर्मदी गुप्ता, कृष्णकांत दुबे, शारदा गुप्ता, मनीष गुप्ता, नीलम तिवारी, ओम प्रकाश गुप्ता, चावड़ा जी तथा रेखेन्द्र तिवारी, मनोज यादव, प्रहलाद धींवर, प्रशांत शर्मा, मीडिया प्रभारी निर्बल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।



## बाबा साहब को डॉ. महंत ने अर्पित किये श्रद्धासुमन

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। कोरबा व जांजगीर में डॉ. महंत ने बाबा साहब के छायाचित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि बाबा साहब ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्रात्मक देश भारत के संविधान की रचना की। भारतवासियों को समानता का अधिकार दिया। बाबा साहब के बताए रास्तों पर यह देश और देशवासी निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

## खास खबर...

### एनएसयूआई ने खोला मोर्चा, पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी का किया घेराव

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ओर से संचालित पांच वर्षीय बीए. एलएलबी कोर्स के भाग तीन और पांच विषम सेमेस्टर में निराशाजनक परिणाम आया है। परिणाम को लेकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ की आशंका जताते हुए छत्तीसगढ़ एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन का घेराव कर आंदोलन किया। एनएसयूआई ने कार्यकर्त्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से जारी परिणाम में बीए.एलएलबी भाग तीन और पांच के विषम सेमेस्टर का परिणाम 36.26 और 41.72 प्रतिशत है, जबकि अन्य भाग का परिणाम 65 प्रतिशत से ऊपर है। इसे एक महीने पहले जारी किया गया था। वहीं भाग तीन और पांच का विषम सेमेस्टर का परिणाम कुछ ही दिन पहले जारी किया है, देरी से जारी होने साथ-साथ अतिनिराशाजनक परिणाम जारी किया गया है। साथ ही विषम सेमेस्टर में 171 विद्यार्थियों में 109 और 163 विद्यार्थियों में 95 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम एटीकेटी है। छात्र-छात्राओं का कहना है कि जारी रिजल्ट का एक बार फिर मूल्यांकन की सुविधा दी जाए। उत्तर पुस्तिकाओं का पुनः मूल्यांकन राज्य के अन्य विश्वविद्यालय के प्रशिक्षित प्राध्यापकों की ओर से निष्पक्ष रूप से करने की मांग किया गया है। इसे लेकर छात्र और एनएसयूआई ने प्रदेश सचिव भक्तेश्वर वैष्णव के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुनेश्वर लहरे, अंकित बंजारे, खुशांत मंजरे, विक्रम श्रीवास, यश कोसले, अंशुमान प्रताप सिंह, श्रेयांश, मुनेश, शुभम कुर्रे, विशाल शतरंज व अन्य उपस्थित रहे।

### सड़कों को धुलमुक्त करने चलाया जा रहा सफाई अभियान

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में प्रतिदिन निरन्तर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम जोन क्रमांक 10 स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन क्षेत्र के तहत पुराना धमतरी रोड एवं इंजीनियरिंग कॉलेज जाने वाली रोड की सफाई बिना बिजली, बिना बैटरी से चलने वाली हैंड स्वीपिंग मशीन की सहायता से करते हुए धूल को मुख्य मार्गों से हटाने का कार्य जोन-10 कमिश्नर रमेश जायसवाल के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांडी की उपस्थिति में किया गया है। मुख्य मार्गो को धूल मुक्त करने हैंड स्वीपिंग मशीन की सहायता से स्वच्छता अभियान आगे भी नगर निगम क्षेत्र में जारी रहेगा।

एक महीने से स्ट्रीट लाइट और मेन रोड की लाइट है बंद

# अंधेरे में डूबी सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, लोगों ने निकाली मशाल रैली

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर स्थित सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी किसी न किसी वजह से हमेशा विवादों में रहती है। एक बार फिर यहां पर कुछ ऐसा ही देखने को मिला है। दरअसल, इस कॉलोनी में एक महीने से स्ट्रीट लाइट और मेन रोड लाइट बंद है। इसके विरोध में कॉलोनीवासियों ने मशाल रैली निकाली। रैली के दौरान रहवासियों को अंधेरे में रखना बंद करो, बिजली बिल का बकाया 84 लाख रुपये भुगतान करो के नारे लगाये गये। रैली में हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों और कालोनी के रखरखाव का काम देख रहे समिति के पदाधिकारियों के साथ बिजली कंपनी का ध्यानाकर्षण कराया गया।

एक महीने से सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी अंधेरे में डूबी हुई है। इससे कॉलोनीवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कालोनी में करीब 14 सौ स्वतंत्र मकान हैं। शाम 6 बजे के बाद अंधेरा होने घर से महिलाएं और बच्चे रोड पर निकलने से परहेज कर रहे हैं। रोड पर अंधेरा होने के कारण असामाजिकतत्वों और आवारा पशुओं का डर बना हुआ है। आए दिन अंधेरे में रोड एक्सीडेंट हो रहे हैं। स्ट्रीट लाइट न होने की वजह से चोरी का डर बना हुआ है। बीते सप्ताह बारिश हो जाने के कारण सांप बिच्छू से परेशानी हो रही है। हालात ये हैं कि शहर के मोहल्लों और कई कॉलोनियों और चौराहों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। इससे रात के समय में रहवासियों को काफी परेशानी हो रही है।



इसके अलावा पैदल यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। स्ट्रीट लाइट के अभाव में रात के समय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय में लोग सड़कों पर भ्रमण करने के लिए भी निकलते हैं। इसके अलावा सड़कों पर अंधेरा होने से अनहोनी घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। बकाया बिल जमा नहीं होने के कारण बिजली कंपनी ने कालोनी का एक कनेक्शन काट दिया है। स्ट्रीट लाइट नहीं जलने की वजह से कालोनी के लोग करीब एक महीने से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बिजली कंपनी कंपनी का कालोनी पर करीब 84 लाख रुपए बकाया है। तय समय पर भुगतान नहीं मिलने पर कंपनी के अधिकारियों ने कनेक्शन काट दिया। इसकी वजह से कालोनी का एक हिस्सा अंधेरे में डूबा हुआ है।

युवाओं ने सेजबहार जनकल्याण समिति पर मनमानी करने का भी आरोप लगाया है। आरोप है कि साफ-सफाई का काम छोड़कर समिति के पदाधिकारी, रहवासियों से बदसलूकी, विवाद कर झूठे केस में फसाने की धमकी देते हैं। विरोध करने वालों के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत करते हैं। पिछले दिनों ही विवाद का मामला थाने पहुंचा था, पुलिस ने एकपक्षीय कार्रवाई की। मशाल रैली में राहुल ठाकुर, दीपक नायडू, रोशन, रोहित, मुकेश, जगत, रोहित, नयन, चंदन समेत बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी शामिल हुए।

# दाई-दीदी, भाई-बहिनी, अउ जम्मो संगवारी, मतदान करना हमर जिम्मेवारी

## मतदाताओं को जागरूक करने 100 किमी तक निकली बाइक रैली

**रायपुर ( ए. )।** ''जाबो संगी मतदान करे बर'' गीत की धुन के साथ सुबह रायपुर लोकसभा के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप बाइक रैली कलेक्टोरेट से शुरू होकर आरंग पहुंची और वहां से अभनपुर होते हुए पुनः कलेक्टोरेट में पहुंची। इसके आगे-आगे स्वीप एक्सप्रेस चल रही थी। रैली में एक्सपेंडेचर ऑब्जर्वर रणविजय, आस्थानंद पाठक और अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश क्षीरसागर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह शामिल थे, जिसमें करीब हजार की संख्या में बाइक और स्कूटर सवार सहभागिता दी।

साथ ही स्वीप एक्सप्रेस भी पूरे रैली में साथ चली। यह रैली सुबह करीब पौने नौ बजे प्रारंभ हुई, जो करीब सौ किलोमीटर की दूरी करीब ढाई घण्टे में पूरी की। इस अवधि में राजधानी से होते हुए नगर पंचायत और हाइवे से जुड़े 24 गांव से गुजरी और वहां पर भी मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान में हिस्सा लेने की अपील की। यह रैली राजधानी के तेलीबांधा से होते हुए ग्राम जोरा, सेरीखेड़ी, मंदिर-हसौद, छतौना,



नवागांव, उमरिया, गुजरा, लखौली, रशनी, बैहार, आरंग, ओड़का, भिलाई, चरौदा, तामासिवनी, तोरला, कठिया, थनौद, सुन्दरकेरा, अभनपुर, झांकी, केन्द्री, बेन्द्री, भटगांव, माना, टेमरी से गुजरी।

### बलिदान से मिला है अधिकार

श्री पाठक ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं जिनको मतदान करने का अधिकार प्राप्त है। इस अधिकार को पाने के लिए हमारे पूर्वजों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अनेक लड़ाइयाँ लड़ी हैं आंदोलन किए हैं तब जाकर हमे मताधिकार प्राप्त हुआ है। हम सभी को इसका बढ़ चढ़कर उपयोग करना चाहिए आइये 7 मई को अपने अपने घरों निकलियें और मताधिकार का उपयोग कीजिए। आरंग में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश क्षीरसागर ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि रायपुर जिला प्रशासन द्वारा बाइक रैली के माध्यम से मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने की जो अपील की जा रही है, वह सराहनीय हैं। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि ऐसी रैली का और इस समय आयोजन करने का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करना हैं। 7 मई को रायपुर लोकसभा मतदान का दिन है। इस दिन सभी मतदाता अपने घरों से निकले और धूप, गर्मी की परवाह ना करते हुए बूथों में जाकर मतदान करें। यह दिन पांच साल में एक बार आता है। अपने मताधिकार का अवश्य उपयोग करें।

गौरतलब है कि स्वीप एक्सप्रेस के चारो तरफ मतदाता जागरूकता से जुड़े पोस्टर और फोटोग्राफ्स लगे हुए थे, इसमें लोक कलाकार सवार थे। बाइक रैली में अधिकारी-कर्मचारी के अलावा आम नागरिक भी बढ़ चढ़कर शामिल हुए जो मतदाता जागरूकता से जुड़ी हुई तख्तियां लिए हुए थे। इनमें हमारी जिम्मेदारी, मतदान करेंगे बारी-बारी, आगे-आगे लोकतंत्र के तिहार, वोट देवव बनव जिम्मेदार, दाई, भाई, दीदी जम्मो संगवारी, मतदान करना हमर जिम्मेवारी इत्यादि नारे लिखे हुए थे। यहीं नहीं कलेक्टर सहित अन्य बाइक सवारों के हेलमेट पर वोट फॉर बेटर इंडिया, चुनाव का पर्व, देश का पर्व का स्टीकर चिपका हुआ था। शहरी मतदाताओं के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज इतनी लंबी रैली का आयोजन किया गया।

'' चाय पर चर्चा '' कार्यक्रम का आयोजित

# मूणत ने युवाओं से किया संवाद



**रायपुर ( ए. )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने शनिवार को रायपुर पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत गुढ़ियारी के पहाड़ी चौक पर 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम का आयोजन किया। यहां एक रथ के माध्यम से जिसमें चाय कंटेनर समेत सारी सुविधा दी गई है में चाय बनाकर युवा मोर्चा ने युवा चौपाल लगाकर सैकड़ों युवाओं से मोदी के कार्यकाल, योजनाओं पर चर्चा की।

चर्चा में रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत उपस्थित रहे उन्होंने स्वयं चाय बनाई और युवाओं सहित अन्य नागरिकों को चाय पिलाते हुए चाय का स्वाद जाना और मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल पर चर्चा की। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह भारत का स्वर्णिम काल है जहां पूरा विश्व मोदी के नेतृत्व की सराहना कर रहा है और देश आज आगे जा रहा है। इन 10 सालों में मोदी ने युवा वर्ग को बहुत सी योजनाओं के माध्यम से रोजगार देने, शिक्षा जगत में परिवर्तन कर विकसित भारत की कल्पना को साकार किया है। इसलिए आज प्रत्येक युवाओं को केवल अपने मतदान के माध्यम से ही मोदी को धन्यवाद करना है। यही संकल्प आज हमे लेना हैं मेरा वोट मोदी को मेरा वोट बृजमोहन अग्रवाल को।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री अमित मैशेरी, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष और रायपुर लोकसभा चुनाव प्रभारी रितेश मोहरे, जिला अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विशाल पांडेय, विशेष शाह, अश्वनी विश्वकर्मा, वासु शर्मा, वैभव शर्मा, मंडल अध्यक्ष विनय जैन समेत सैकड़ों युवा इस युवा चौपाल में शामिल हुए।

# शीतला शक्ति पीठ में दर्शनार्थियों की उमड़ी भीड़



**रायपुर ( ए. )।** शीतला शक्ति पीठ सिहावा में पंचमी महोत्सव धूम धाम से मनाया गया। मां शीतला का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। परम्परानुसार युवाओं ने शीतला माता को छप्पन भोग लगाकर विशाल भंडारा किया इसमे श्रद्धालु दिनभर प्रसादी लेते रहे।

पंचमी महोत्सव पर मन्दिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही । दर्शनार्थी कतारबद्ध होकर अपनी मनोकामना के लिये श्रृंगार सामग्री, श्रीफल आदि पूजन सामग्री माता को समर्पित किए। माता सेवा मण्डलिओ ने बारी बारी से पंचमी महोत्सव पर जस गीत गाकर माता सेवा की रात्रि में पूजा के फूल झांकी मण्डली भटगांव ने अपनी प्रस्तुति दी। आचार्य चंद्रहास दुबे ने बताया कि आदि शक्ति का पंचम स्वरुप स्कंदमाता है कार्तिकेय की माता होने से शक्ति स्कन्द माता कहलाती है। शीतला समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया की इस बार चैत्र नवरात्रि पर कुल 1017 ज्योति प्रज्ज्वलित हो रहे है।

### छप्पन भोग अर्पित की

प्रतिवर्षानुसार माता भक्त युवाओं की टीम ने पंचमी पर शीतला माता को छप्पन भोग लगाकर विशाल भंडारा का आयोजन किया जिसमे श्रद्धालु गण भोजन प्रसादी लेते रहे।

### पुष्प गिराकर देती है आशीर्वाद

स्वयम्भू माता शीतला की महिमा अपरंपार है माता के पुजारी ज्ञान सागर पटेल ने बताया कि माता भक्तों की मन्नतें पूरी करती है। माता के शीश पर भीगे सफेद अक्षत और पुष्प रखते हैं और माता से विनती की जाती है। आज्ञा स्वरूप अक्षत पुष्प के नीचे गिरते ही मनोकामना मनोरथ पूर्ति का संदेश मिलता है।

किसान बईठका में बीजों का दाम बढ़ाने पर उभरा किसानों का असंतोष..

# बीजों का दाम बढ़ाने पर किसानों का असंतोष हुआ उजागर

**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा धमधा ब्लाक के हसदा गांव में आयोजित किसान बईठका में राज्य सरकार के बीज निगम द्वारा खरीफ फसलों के बीज के दामों में वृद्धि को लेकर किसानों का असंतोष उभरकर सामने आया। किसानों का कहना है कि केंद्र सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने और खेती की लागत में कमी लाने की बात कही थी लेकिन आय तो दोगुनी नहीं कर पाए उल्टे बीजों के दाम बढ़ाकर लागत को बढ़ा दिया।

किसान बईठका में क्षेत्रीय विधायक को निशाने पर लेते हुए किसानों ने कहा कि वर्षा और ओलावृष्टि से धमधा ब्लाक में फसल को व्यापक क्षति हुई है लेकिन उन्होंने प्रभावित किसानों की सुध लेने के अपने दायित्व का निर्वाह नहीं किया। क्षेत्र का दौरा करके स्थिति का अवलोकन नहीं किया बीमा लाभ और प्राकृतिक आपदा का लाभ दिलाने के लिए कोई पहल नहीं किया।

हसदा किसान बईठका में उपस्थित किसानों का कहना है कि विष्णुदेव साय की सरकार ने दो साल का बोनस देकर



किसानों पर कोई अहसान नहीं किया है। यह सरकार पर किसानों का उधार है जिसे 10 साल बाद बिना ब्याज के लौटाया है।

किसान बईठका में कहा गया कि राजनीतिक दल किसानों को धर्म और जाति में बांटकर लाभ उठा लेते हैं और सत्ता में आ जाने के बाद किसानों की सुध नहीं लेते, किसानों ने संकल्प लिया है कि धर्म और जाति के बहकावे में न आकर लोकसभा के आगामी चुनाव में प्रमुख रूप से दावेदार कांग्रेस और भाजपा के सरकारों की नीति, नीयत, कार्यक्रम, योजना आदि का किसान हित में मूल्यांकन करके वोट करेंगे।

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा आयोजित हसदा किसान बईठका में न्यूनतम समर्थन मूल्य और इसकी कानूनी गारंटी के अलावा राज्य सरकार के कृषक उन्नति योजना पर व्यापक चर्चा की गई और कहा गया कि सरकार को सिर्फ धान उत्पादक किसानों की ही नहीं बल्कि सभी किसानों के हितों का समान रूप से ध्यान रखना चाहिए।

किसान बईठका में हसदा, लिटिया, सेमरिया, सिलतरा, टेकापार फुंडा आदि गांवों से अमृतलाल गुप्ता, राजेन्द्र साहू,संतुलाल पटेल, जनार्दन उमरे, पंचराम साहू, बसंत साहू, पवन साहू, महेश साहू, लोमन साहू, कुलेश्वर साहू, बृज कुमार साहू, रतन साहू, ओमप्रकाश साहू, लेखचंद साहू, तुलाराम साहू, छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के मनोज मिश्रा, बाबूलाल साहू, बद्री प्रसाद पारकर, मेघराज मढ़रिया, आई के वर्मा, राजकुमार गुप्त आदि शामिल थे।

## खास खबर

### स्कूटी से अवैध शराब की तस्करी, महिला के कब्जे से 32 पौवा देशी मसाला शराब जब्त



**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 32 पौवा देशी मसाला शराब जब्त किया है। अवैध शराब को लेकर महिला से पूछताछ की जा रही है। उसके पास इतनी मात्रा में शराब आई कहां से और उसके गैंग में कौन शामिल है। दरअसल, वैशाली नगर पुलिस को सूचना मिली थी कि ढ्ढ।स्क्ष्क्ष आवास रोड और कचरा भट्ठी रोड के मोड़ पर एक महिला शराब बेचने का काम करती है। अपनी एक्टिवा से आती है, उसमें शराब रखे रहती है और ग्राहकों को देती है।

सूचना पर वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने टीम गठित कर मौके पर भेजा। टीम ने जाकर महिला की घेराबंदी की। काले रंग की एक्टिवा पर मिली। पुलिस की गाड़ी को देखकर महिला भागने की कोशिश, लेकिन भाग नहीं पाई। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछने पर उसने अपना नाम एस निर्मला (30वर्ष) निवासी आम्रपाली के पीछे जामुल बताया। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से प्लास्टिक झोले में 32 पौवा देशी मसाला जब्त किया। पुलिस अब ये पता लगाने में लगी है कि जब शराब भट्ठी में एक आदमी को सिर्फएक बोतल दारू देने का नियम है तो फिर महिला शराब तस्कर के पास इतनी मात्रा में शराब आई कहां से। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि उसके इस रैकेट में और कौन कौन शामिल है।

### भिलाई की फैक्ट्री में करंट लगने से छात्र की मौत

# पार्ट टाइम करता था जॉब, परिजनों ने किया फैक्ट्री के बाहर हंगामा

**भिलाई।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित साउथ इंडिया इंडस्ट्रीज में शनिवार की दोपहर को एक कॉलेज के छात्र की करंट लगने से मौत हो गई। करंट लगने के बाद छात्र को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। शव का मरच्यूरी में लाने के बाद परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। घटना के बाद रविवार को परिजनों क साथ मृतक छात्र के मोहल्ले के लोग फैक्ट्री के बाहर पहुंचे। वहीं फैक्ट्री संचालक गेट में ताला लगाकर नदारद हैं। फिलहाल मौके पर तनाव का माहौल है।



मिली जानकारी के अनुसार विकास (19) कॉलेज छात्र था और छुट्टियां लगने के कारण साउथ इंडिया इंडस्ट्रीज में पार्ट टाइम काम करता था। घटना शनिवार दोपहर बाद की बताई जा रही है। काम के दौरान विकास करंट की की चपेट में आ गया। घटना के बाद गंभीर हालत में फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा विकास को अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।



#### फैक्ट्री संचालकों ने अस्पताल में मृतक को बताया अनाथ

शनिवार को हादसे के बाद जिस विकास की मौत हुई उसे फैक्ट्री संचालकों ने अनाथ बता दिया। अस्पताल के रिकार्ड में भी यही दर्ज हुआ जबकि उसका पूरा परिवार औद्योगकि क्षेत्र में नीको कंपनी के पास लक्ष्मण नगर में रहता है। यही नहीं मृतक के परिजनों को उसके मौत की जानकारी देर से मिली। मृतक को जब मरच्यूरी लाया गया तब परिजनों को जानकारी दी गई। देर से मिली जानकारी के कारण परिजन काफी आक्रोशित हो गए।

#### न्याय की मांग को लेकर पहुंचे फैक्ट्री



रविवार को परिजनों के साथ मोहल्ले वाले फैक्ट्री पहुंचे और गेट में ताला लगा मिला। इसके बाद सभी वहीं डट गए। सूचना मिलने में मौके पर पुलिस पहुंची तो परिजनों ने फैक्ट्री संचालकों से मिलने की बात कही। वहीं परिजनों ने विकास की मौत के लिए फैक्ट्री संचालकों को ही जिम्मेदार ठहराया है। देर से सूचना देने के लिए भी परिजनों सवाल उठा रहे हैं। परिजनों ने इस पूरे मामले में फैक्ट्री संचालकों की भूमिका पर संदेह जताया है और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

## अवैध कोयला खदान में मिट्टी धसकने से दो की मौत

■ कोयला निकालने गए थे और हो गया हादसा



**सरगुजा।** जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र के तहत ग्राम सुखरी भंडार में अवैध कोयला खदान में कोयला निकालने के दौरान एक नाबालिक सहित दो युवकों की दबकर मौत हो गई। ग्राम सुखरी भंडार में तीन युवक अवैध कोयला खदान में खनन के लिए गए थे,जिसमें से दो युवक कुंआ जैसे खाई में कोयला निकालने घुसे हुए थे, काफी देर तक बाहर नहीं आने के बाद उनके साथ जो एक और युवक था उसे कुछ दुर्घटना का अंदेशा हुआ।

इसके बाद उसने ग्रामीणों को और दोनों युवक के परिजनों को सूचना दी।उसने बताया कि कोयला खदान धसकने से दोनो की मौत हो गई है। घटना से ग्राम में अफरा तफरी मच गई सभी लोग दौड़े भागे कोयला खदान के समीप पहुंचे और मिट्टी में दबे दोनों युवकों को जिसमें एक नाबालिक भी शामिल है उसे निकालकर बाहर लाए तब तक उन दोनो की मौत हो चुकी थी।

मृतक के परिजन बालसाय मझवार एवं जेठू मझवार निवासी सुखरी भंडार ने उदयपुर पुलिस का सूचना दिया कि दोनो के पुत्र तिरंगा मझवार 17 साल एवं बुधलाल मझवार 20 साल एवं लक्ष्मण मझवार 12 अप्रैल की शाम को केरा झरिया गुफा में कोयला निकालने गए थे जो कोयला निकालते वक्त शाम पांच बजे करीब ऊपर से मिट्टी धसक जाने से बुधलाल मझवार एवं तिरंगा मझवार मिट्टी में दब गए तथा लक्ष्मण मझवार बाहर खड़ा होने से बच गया। जानकारी मिलने पर ग्रामीण जाकर दोनों को मिट्टी से बाहर निकाल कर घर लाए दोनों की मृत्यु शुक्रवार शाम को ही हो गई थी।

पुलिस जांच के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण करने पर पाया कि गुफा के अंदर कोयला का पट्टी है जिसे मृतक निकालने गए हुए थे। कोयला निकालते वक्त ऊपर से मिट्टी धसक जाने से दोनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वन विभाग के द्वारा 11 अप्रैल को मीटिंग लेकर कोयला ना निकालने की चेतावनी ग्रामीणों को दी गई थी उसके बाद भी कोयला निकालने के लिए 2 युवक गुफा में प्रवेश किए थे और ठीक उसके दूसरे दिन यह दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे के बाद से ग्राम में मातम पसरा हुआ है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव 24 घंटे बाद भी नहीं हो सकी पहचान

**कोरबा (ए.)।** कोरबा रेलवे स्टेशन से करीब दो स्टेशन आगे मड़वारानी के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह लगभग 11:00 बजे रेलवे ट्रैक पर युवक की लाश देखी गई इसकी सूचना मालगाड़ी के ड्राइवर ने पहले स्टेशन मास्टर को दी इसके बाद कोरबा रेलवे आरपीएफ को इसकी जानकारी दी गई जहां मौके पर पहुंचे आरपीएफ पुलिस ने घटनाक्रम की जानकारी ली।



रेलवे आरपीएफ की माने तो युवक की उम्र लगभग 25 वर्ष की और नीचे जींस और ऊपर इनर पहना हुआ है घटना के बाद आरपीएफ पुलिस अपने स्तर पर पहचान करने की कोशिश कर रही है वही आसपास ग्रामीणों को मौके पर बुलाया गया जहां पहचान करने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं हो पाया कोटवार के माध्यम से आगे पहचान कार्यवाही जारी है।

वहीं स्टेशन मास्टर से पूछताछ की गई पता चला कि युवक पहली बार स्टेशन के पास देखा गया है उसके बाद हादसा कब कैसे और और किन परिस्थिति में हुई है इसका पता नहीं चल सकता है। वहीं रेलवे आरपीएफ ने इसकी सूचना लोकल उरगा थाना पुलिस को भी दी है और जांच कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस भी अपने स्तर पर आसपास लोगों से पूछताछ कर रही है।

रेलवे आरपीएफस्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से जानने की कोशिश कर रही है कि वह कब कैसे और किन परिस्थितियों में घटना स्थल पहुंचा। बताया जा रहा है कि युवक के सिर पर चोट का निशान है वहीं पर पर चप्पल नहीं युवक की मौत को लेकर कई प्रकार के अंदेशा जताया जा रहा है बताया यह भी जा रहा है कि युवक की मौत रेलवे ट्रैक पर गिरने से भी हो सकती है वहीं कुछ लोगों का कहना है कि युवक की मौत सामान्य नहीं बल्कि कुछ अनहोनी हुई होगी। फिलहाल रेलवे आरपीएफपुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल रवाना कर दिया है और मौत के कारण जानने में जुट गई है।

## हाथी का आतंक : हाथी ने जंगल में वृद्ध महिला पर किया हमला, पैरों से कुचलकर उतारा मौत के घाट

**रायगढ (ए.)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में रविवार की सुबह जंगल में हाथी के हमले से एक महिला की मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। मामला रायगढ़ वन मंडल के तमनार वन परिक्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, रविवार की सुबह आठ बजे आमघाट निवासी कालावती पति सुखसिंग राठिया उम्र करीबन 50 साल गांव की अन्य महिलाओं के साथ महुआ



बिनने जंगल गई हुई थी। बताया जा रहा है इस बीच सभी लोग पहाड़ चढ़ाई कर रहे थे। उसी दौरान एक हाथी मौके पर आ गया। अचानक हाथी को सामने देख लोगो मे अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने इधर-उधर भागने लगे। लेकिन कलावती भागने में सफल नही हो सकीं। जिसके बाद हाथी ने महिला को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि महिला को कुचलने के बाद एक किमी दूर उसी हाथी ने एक अन्य व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाथी के हमले से महिला की मौत की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम के साथ साथ वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच कर कार्रवाई में जुट गई।

## रायपुर में पांचवीं मंजिल से कूदी महिला, मौत

**रायपुर (ए.)।** राजधानी में एक महिला ने पांचवी मंजिल से छलांग लगा दी। इस घटना के बाद महिला को मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। इस मामले में पुलिस ने पति के खिलाफप्रताड़ना और सुसाइड उकसाने का केस दर्ज किया है। पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक, ये पूरी घटना 6 अप्रैल की है। टिकरापारा के छत्तीसगढ़ नगर के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में मजदूरी काम करने के दौरान सीमा निषाद ने अपने बच्चे को किसी बात को लेकर दो थप्पड़ मार दिया। बच्चे को मारना उसके पति मुकेश निषाद को बुरा लग गया। उसने सीमा को बच्चों पर हाथ उठाने से मना किया।

इस बात से पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो गया। मुकेश ने पत्नी को डांट लगा दी और कहा कि तुझे मायके छोड़ दूंगा। पत्नी को ये बात सहन नहीं हुई। उसे सामाजिक बदनामी का डर हो गया। इस बहसबाजी के बाद पत्नी गुस्साए हालात में बिल्डिंग की पांचवें मंजिल पर चढ़ गई और छलांग लगा दी। महिला के सिर और शरीर के अन्य जगहों में गंभीर चोंटे आई, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। महिला को मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसके मौत की पुष्टि की। इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने तिल्दा-नेवरा निवासी पति मुकेश निषाद पर केस दर्ज किया है। पति पर आरोप है कि उसने महिला को डांट फटकार लगाकर छोड़ने की बात कही।

### आईआईटी भिलाई के असिस्टेंट प्रोफेसर से ऑनलाइन ठगी

## मुंबई पुलिस के नाम पर धमकी देकर ऐंठ लिए एक लाख रुपए

**भिलाई।** एक ऑनलाइन ठग ने दूसरे प्रदेश में बैठकर छत्तीसगढ़ आईआईटी भिलाई के असिस्टेंट प्रोफेसर सुभाषित सिद्धांत को एक लाख रुपए का चूना लगा दिया। ठग ने प्रोफेसर को मुंबई पुलिस से बचाने के नाम पर लाख रुपए लिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दुर्ग कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक असिस्टेंट प्रोफेसर सुभाषित ने खुद मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि बीते 9 अप्रैल को उनके मोबाइल




पर एक फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को डीएचएल कुरियर कंपनी का कर्मचारी बताया। उसने कहा कि उनका एक कुरियर मुंबई के कस्टम विभाग में फंसा हुआ है। वो आपत्ति जनक है। मुंबई पुलिस ने उस पर एफआईआर भी दर्ज की है।

इससे सुभाषित डर गया और बचने का रास्ता पूछने लगा। इसी डर का फायदा उठाकर ठग ने उनसे कहा कि मामला काफी गंभीर है। पुलिस ने उसका नाम पता उनसे मांगा तो वो फोन कर रहा है। उसने कहा कि उसकी एक पुलिस अधिकारी से पहचान है। वो इस बवाल से उन्हें निकाल देगा। इसमें एक लाख रुपए का खर्च आएगा। इसके बाद सुभाषित ने बिना कोई जानकारी किए एक लाख रुपए ठग के अकाउंट में डाल दिए।

ठग इतना शातिर था कि सुभाषित को विश्वास दिलाने के लिए उसने अपने दोस्त को पुलिस अधिकारी बनाकर उससे फोन पर बात कराई। ठग के दोस्त ने खुद को राजेश प्रधान बताया। राजेश ने भी सुभाषित से कहा कि उसका एक पार्सल आपत्तिजनक है। इसके कारण उसे कस्टम वालों ने जांच के लिए रोक लिया है। जब सुभाषित ने कहा कि वो पार्सल उसका नहीं है तो ठग ने कहा कि उस पर आपका नाम नंबर लिखा है। जांच होगी तो और बुरे फंसोगे। बचना है तो एक लाख रुपए भेज दो।

# कच्चे मकान में लगी आग, जिंदा जल गए 3 मासूम

■ सरगुजा जिले की घटना, घर बाहर से बंद कर महिला गई थी रिश्तेदार के घर

**अंबिकापुर (ए.)।** सरगुजा जिले के मैनपाट में कच्चे मकान में आग से तीन भाई-बहन जिंदा जल गए। तीनों विशेष संरक्षित माझी जनजाति के थे। कच्चे कमरे का मकान भी जलकर खाक हो गया। घटना के समय मृतकों की मां कमरे में नहीं थी। पिता कामकाज के सिलसिले में कुछ दिनों से बाहर गए हुए हैं। घटना को लेकर अभी कई जानकारी स्पष्ट नहीं हो सकी है। मृत बच्चों की मां पास ही किसी विवाह कार्यक्रम में गई हुई थी।



मैनपाट के बरिमा पकरीपारा में देवप्रसाद माझी का कच्चा मकान है। पिछले कई दिनों से वह काम के सिलसिले में बाहर गया है। शनिवार की रात उसकी पत्नी सुधनी बाई तीन मासूम बच्चों गुलाबी (8), सुषमा (6), रामप्रसाद (4) को घर में छोडकर नजदीक में रहने वाले रिश्तेदार के यहां गई हुई थी घर के दरवाजे को उसने बाहर से बंद कर दिया था। जब वह वापस लौटी तो देखा कि घर धू-धू कर जल रहा था। घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में गांव के लोग भी मौके पर जमा हो गए लेकिन आग बुझाने का कोई भी उपाय काम नहीं आया । स्थानीय स्तर पर संसाधनों की कमी भी बाधा बनी। देखते ही देखते आग की लपटे तेज हो गई।घर के अंदर पुआल का ढेर भी था। इस कारण भी आग तेजी से फैली। तीनों बच्चे की जलने से मौत हो गई। राख के ढेर में उनका जला हुआ शव एक दूसरे से लिपटे अवस्था में मिला। आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल सका है। अभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी जांच में लगे है। बच्चों की मां कुछ भी बता पाने की स्थिति में नहीं हैं।

#### पिता पुणे में करता है मजदूरी

मैनपाट में निवासरत विशेष संरक्षित जनजाति माझी समुदाय के ज्यादातर परिवार आर्थिक अभावों के बीच जीवन-यापन कर रहे हैं। दूसरों के यहां मेहनत मजदूरी कर ज्यादातर परिवारों का भरण - पोषण होता हैं। मृत बच्चों का पिता एक सप्ताह से पुणे में रोजगार के लिए गया है। एक बड़े कमरे वाले उसके कच्चे मकान का छप्पर, प्लास्टिक-घांस फूस और पुआल का उपयोग कर बनाया गया था इसलिए आग तेजी से फैली। छप्पर का हिस्सा तेजी से जला। माझी परिवार के लोगों द्वारा पुआल का उपयोग ठंड से बचने बिस्तर के रूप में भी किया जाता है। कमरे में भी पुआल का ढेर था इसलिए आग ने भयावह रूप ले लिया था। घर के दरवाजे की कुंडी भी बाहर से लगी हुई थी। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा है। जिस किसी ने भी बच्चों के शवों को देखा उनका दिल पसीज गया।



